# 29 निर्णय-निर्धारण
## (Decision Making)

इस Section के अन्तर्गत कुछ सूचनाएँ या निर्देश दिये होते हैं। आपको उन सूचनाओं या निर्देश को पढ़कर यह निर्णय लेना होता है कि किसी विशेष पद के लिए कौन-सा व्यक्ति उन शर्तों को भली-भाँति पूरा करता है और उसके योग्य है।

### साधित उदाहरण

**निर्देश (1–5) :** *एक HR फर्म ऐसे ट्रेनी भर्ती करना चाहती है जो उनके भावी HR प्रोफेशनल्स बन सके। चयन के लिए निम्नलिखित मानदण्ड हैं उम्मीदवार*

(i) किसी भी अनुशासन में कम-से-कम 60% अंक सहित प्रथम श्रेणी स्नातक होना चाहिए।

(ii) कम-से-कम 65% अंक सहित HR/कार्मिक में विशेषज्ञता सहित प्रबन्धन में स्नातकोत्तर डिग्री/डिप्लोमा पूरा किया होना चाहिए।

(iii) कम-से-कम 60% अंक सहित चयन परीक्षा और 55% अंक सहित साक्षात्कार में पास हुआ होना चाहिए।

(iv) भारत में कहीं भी काम करने के लिए तैयार होना चाहिए।

(v) यथा 1.8.2008, को 21 वर्ष से कम और 25 वर्ष से अधिक आयु का नहीं होना चाहिए।

तथापि, यदि उम्मीदवार उपर्युक्त सभी मानदण्डों को पूरा करता है सिवाय—

**(A)** उपर्युक्त (i) किन्तु उसे स्नातकीकरण में कम-से-कम 55% अंक और स्नातकोत्तर प्रबंधन HR डिग्री/डिप्लोमा में कम-से-कम 70% अंक मिले हों, तो उसका मामला महाप्रबंधक (GM)–HR के पास भेजा जाएगा।

**(B)** उपर्युक्त (ii) उसने कम-से-कम 55% अंक सहित HR कार्मिक में विशेषता सहित प्रबन्धन में स्नातकोत्तर डिग्री/डिप्लोमा पूरा किया हो और उसे कम-से-कम एक वर्ष का कार्यानुभव है तो मामला कार्यपालक निदेशक (ED) के पास भेजा जाएगा।

नीचे प्रत्येक प्रश्न में एक उम्मीदवार का ब्योरा दिया गया है। दी गई जानकारी और उपर्युक्त मानदण्ड के आधार पर आपको एक उपयुक्त निर्णय लेना है और नीचे दिए गए विकल्पों में से एक उत्तर दर्शाना है। प्रत्येक प्रश्न में दी गई जानकारी के सिवा आपको और कुछ मानकर नहीं चलना है। ये सभी मामले आपको यथा 1.8.2008 को दिए गए हैं।

*[Allahabad bank PO 2008]*

उत्तर दीजिए—

**(1)** यदि उम्मीदवार का चयन किया जाना है।

**(2)** यदि दिया गया डाटा निर्णय लेने के लिए अपर्याप्त है।

**(3)** यदि मामला GM-HR के पास भेजा जाना है।

**(4)** यदि मामला ED के पास भेजा जाना है।

**(5)** यदि उम्मीदवार का चयन नहीं किया जाना है।

**1.** अभिजीत माने प्रथम श्रेणी इंजीनियरिंग स्नातक है। वह 2003 में 71% अंक सहित पास हुआ है और इसके बाद उसने एक प्रसिद्ध संस्थान से 2005 में 75% अंक सहित MBA–HR पूरा किया है। उसकी जन्म तारीख 1.7.1984 है। वह भारत में कहीं भी काम करने के लिए तैयार है। उसे चयन परीक्षा और साक्षात्कार दोनों में 55% अंक मिले हैं।

*[SBI PO 2000]*

**उत्तर (5) :** अभिजीत को चयन परीक्षा में 55% अंक प्राप्त हुए हैं जो 60% से कम है। अतः ये शर्त (iii) को पूरा नहीं करते हैं जिसके कारण इनका चयन नहीं हो पाएगा।

**2.** ऋषिकेश 58% अंक सहित B.Com स्नातक हैं। उसने 75% अंक सहित कार्मिक में विशेषता के साथ प्रबन्धन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा किया है। उसने 60% अंक सहित चयन परीक्षा और 62% अंक सहित साक्षात्कार पास किया है। उसने 15 सितंबर, 2007 को 24 वर्ष की आयु पूरी की है। वह भारत में कहीं भी काम करने के लिए तैयार है।

**उत्तर (3) :** ऋषिकेश 58% अंक सहित B. Com स्नातक है जिसके कारण ये शर्त (i) को छोड़कर अन्य सभी शर्तों को पूरा करते हैं। अतः (A) के अनुसार इनका मामला GM–HR के पास भेजा जाएगा।

**3.** कविता निखार एक कला स्नातक है। उसका प्रमुख विषय अर्थशास्त्र है। वह 66% अंक सहित प्रथम श्रेणी में पास हुई है। उसने MBA कार्मिक भी 68% अंक सहित पास किया है। उसे साक्षात्कार में 62% और चयन परीक्षा में 64% अंक मिले हैं। उसकी जन्म तारीख 27 जून, 1985 है।

**उत्तर (2) :** कविता निखार द्वारा उपलब्ध कराया गया डाटा में भारत में कहीं भी कार्य करने के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। अतः इनके द्वारा उपलब्ध कराया गया डाटा निर्णय लेने के लिए पर्याप्त नहीं है।

**4.** नम्रतादास एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर है। उसने इंजीनियरिंग डिग्री प्रथम श्रेणी में 68% अंक सहित पास की है। इसके बाद उसने MBA–HR 62% अंक सहित किया है। उसने चयन परीक्षा और साक्षात्कार क्रमशः 62% और 63% अंक सहित पास किया हैं। MBA पूरा करने के बाद वह पिछले $1\frac{1}{2}$ वर्ष से एक IT फर्म में काम कर रही है। वह भारत में कहीं भी कार्य करने के लिए तैयार है। उसकी जन्म तारीख 18.10.1984 है।

**उत्तर (4) :** नम्रता दास MBA–HR में 62% अंक प्राप्त की है जिसके कारण ये शर्त (2) को पूरा नहीं करती है। अतः (B) के अनुसार इनका मामला ED के पास भेजा जाएगा।

**5.** रुचिरा वाडिया एक विज्ञान स्नातक है जिसमें वह प्रथम श्रेणी में 67% अंक सहित पास हुई है। उसने MBA–HR 73% अंक सहित पास किया है। चयन परीक्षा में उसने 72% अंक और साक्षात्कार में 62% अंक पाए हैं। वह भारत में कहीं भी कार्य करने के लिए तैयार है, 14 मई, 2008 को उसने 23 वर्ष की आयु पूरी की है।

**उत्तर (1) :** रुचिरा वाडिया सभी शर्तों को पूरा करती है। अतः इनका चयन किया जाएगा।

### अभ्यास–1

**निर्देश (1–10) :** *नीचे दी गई जानकारी ध्यानपूर्वक पढ़िए और फिर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए—*

किसी संगठन में मार्केटिंग मैनेजर के चुनने के लिए कुछ शर्तें निर्धारित की गई हैं वे इस प्रकार हैं—

अभ्यर्थी को—

(i) प्रबन्धन में स्नातकोत्तर, मार्केटिंग में विशेषज्ञता सहित होना चाहिए।

(ii) 1.8.2005 को 25 वर्ष से कम और 35 वर्ष से अधिक आयु का नहीं होना चाहिए।

(iii) किसी संगठन में कम-से-कम चार वर्ष का अनुभव होना चाहिए।

(iv) इन्टरव्यू में कम-से-कम 60% अंक प्राप्त हो।

तथापि उन अभ्यर्थियों को जो—

(a) उपर्युक्य (iii) को छोड़कर अभ्यर्थी यदि अन्य सभी शर्तें पूरी करता हो, परन्तु उसको कम-से-कम 2 वर्ष का सहायक प्रबन्धक-मार्केटिंग के रूप में कार्य का अनुभव हो, तो उसका मामला जी एम मार्केटिंग के पास में जाना चाहिए।

(b) उपर्युक्त (i) को छोड़कर, परन्तु उसने प्रबन्धन में पोस्ट ग्रेजुएट किया हो और विशेषज्ञता किसी अन्य विषय की हो तथा कम-से-कम 6 वर्ष का कार्य अनुभव हो, तो उसका मामला मार्केटिंग प्रेसीडेन्ट के पास भेजना चाहिए।

नीचे प्रत्येक प्रश्न में, एक उम्मीदवार के बारे में जानकारी दी गई है। आपको दी गई जानकारी का मानदण्डों और ऊपर दी गई शर्तों के सन्दर्भ में अध्ययन करना है और निम्नलिखित में से एक कार्यवाही करनी है। आपको प्रत्येक प्रश्न में दी गई सूचना के अतिरिक्त कोई अनुमान नहीं लगाना है आपको ये सभी मामले यथा 1.8.2005 दिए गए हैं

(1) यदि उम्मीदवार का चयन नहीं किया जाना है।

(2) यदि मामला प्रेसीडेंट-मार्केटिंग को भेजा जाना है।

(3) यदि उपलब्ध कराया गया डाटा निर्णय लेने के लिए पर्याप्त नहीं है।

(4) यदि मामला G.M. मार्केटिंग को भेजा जाना है।

(5) यदि उम्मीदवार का चयन किया जाना है।

*[Corporation bank PO 2005]*

1. चेतन कोहली का जन्म 12 अप्रैल, 1979 को हुआ था। मार्केटिंग में विशेषज्ञ के साथ प्रबन्धन में पोस्ट-ग्रेजुएशन पूरा करने के बाद वह पिछले तीन वर्षों से सहायक प्रबन्धक-मार्केटिंग के रूप में कार्य कर रहा है। उसे साक्षात्कार में 72 % अंक मिले हैं।

2. उषा नांदगांवकर पिछले तीन वर्ष से सहायक प्रबन्धक–मार्केटिंग के रूप में कार्य कर रही है। उसने मार्केटिंग प्रबन्धन में विशेषज्ञता के साथ प्रबन्धन में पोस्ट-ग्रेजुएशन करने के बाद काम करना शुरू किया। उसका जन्म 5 नवम्बर, 1979 को हुआ था। उसे साक्षात्कार में 80 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं।

3. अशोक बर्मन का जन्म 9 अक्टूबर, 1973 को हुआ था। वह मार्केटिंग प्रबन्धन में विशेषज्ञता के साथ प्रबन्धन में पोस्ट-ग्रेजुएट है। प्रबन्धन में पोस्ट-ग्रेजुएशन पूरा करने के बाद वह पिछले पाँच वर्षों से एक संस्था में काम कर रहा है, उसे साक्षात्कार में 80 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं।

4. मोहन सलढाना मार्केटिंग प्रबन्धन में विशेषज्ञता के साथ प्रबन्धन में पोस्ट ग्रेजुएट है, पोस्ट-ग्रेजुएशन के बाद वह एक संस्था में पिछले पाँच वर्षों से से काम कर रहा है, जिसमें से उसने दो वर्ष सहायक प्रबन्धक –मार्केटिंग के रूप में कार्य किया। उसे साक्षात्कार में 60% अंक मिले हैं और उसका जन्म 7 जनवरी, 1979 को हुआ था।

5. प्रवीण सम्पत को साक्षात्कार में 70% अंक मिले हैं, उसका जन्म 19 अगस्त, 1976 को हुआ था। वह मार्केटिंग प्रबन्धन में विशेषज्ञता सहित प्रबन्धन में पोस्ट-ग्रेजुएट है। प्रबन्धन में पोस्ट-ग्रेजुएशन करने के बाद वह पिछले पाँच वर्षों से एक संस्था में काम कर रहा है।

6. सुबोध मल्होत्रा का जन्म 12 अप्रैल, 1972 को हुआ था। वह पिछले सात वर्षों से एक संस्था में काम कर रहा है। उसे साक्षात्कार में 67 प्रतिशत अंक मिले हैं। वह मार्केटिंग प्रबन्धन में विशेषज्ञता सहित प्रबन्धन में पोस्ट ग्रेजुएट है।

7. अरूणा मल्होत्रा का जन्म 27 दिसम्बर, 1977 को हुआ था, वह वित्त में विशेषज्ञता के साथ प्रबन्धन में पोस्ट-ग्रेजुएशन पूरा करने के बाद पिछले सात वर्षों से एक संख्या के मार्केटिंग विभाग में काम कर रही है। उसे साक्षात्कार में 65% अंक मिले हैं।

8. सुधा कटियार मार्केटिंग में विशेषता के साथ प्रबन्धन में पोस्ट-ग्रेजुएशन करने के बाद पिछले पाँच वर्षों से एक संस्था में काम कर रही है। उसे साक्षात्कार में 65% अंक मिले हैं।

9. सीमा सचदेवा पिछले पाँच वर्षों से एक संस्था में काम कर रही है, उसका जन्म 8 मार्च, 1977 को हुआ था। उसने सिस्टम्स में विशेषज्ञता के साथ प्रबन्धन में पोस्ट-ग्रेजुएशन करने के बाद काम करना शुरू किया। उसे साक्षात्कार में 78 % अंक मिले हैं।

10. नवीन घोष मार्केटिंग प्रबन्धन में विशेषता के साथ प्रबन्धन में पोस्ट-ग्रेजुएट है, वह पोस्ट-ग्रेजुएशन के बाद पिछले छः वर्षों से एक संस्था में काम कर रहा है। वह 5 जून, 2001 को 28 वर्ष का था।

**निर्देश (11–16) :** *निम्नलिखित जानकारी को ध्यान से पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए—*

नीचे एक कालेज में इंजीनीयरिंग पाठ्यक्रम के पहले वर्ष में विद्यार्थियों के प्रवेश की शर्तें नीचे दी गई हैं—

विद्यार्थी—

(i) की आयु 1.7.2006 को कम-से-कम 18 वर्ष हो

(ii) ने कम-से-कम कुल 55 प्रतिशत अंक लेकर विज्ञान शाखा में XII कक्षा की परीक्षा पास की हो

(iii) ने XII कक्षा की परीक्षा में फिजिक्स, केमेस्ट्री और गणित में औसत 65% अंक लिए हों

(iv) प्रवेश के समय 50,000 रुपए वार्षिक शुल्क दे सकता हो

(v) को इंटरेंस टेस्ट में कम-से-कम 60% अंक मिले हों

जो विद्यार्थी अन्य सभी मानदंडों को पूरा करता हो, सिवाय—

(a) उपर्युक्त (ii) के, लेकिन XII कक्षा की परीक्षा में उसने फिजिक्स, केमिस्ट्री और गणित में कम-से-कम औसतन 80 % अंक प्राप्त किए हों, तो उसका मामला कॉलेज के रजिस्ट्रार को भेजा जाएगा।

(b) उपर्युक्त (iii) के, लेकिन इंटरेंस टेस्ट में उसे कम-से-कम 75% अंक मिले हों, तो उसका मामला कॉलेज के प्रिंसिपल को भेजा जाएगा।

नीचे प्रत्येक प्रश्न में, एक विद्यार्थी का ब्योरा दिया गया है। आपको ऊपर दी गई सूचना शर्तों तथा उपशर्तों के आधार पर प्रत्येक विद्यार्थी के लिए निम्नलिखित पाँच में से एक कार्यवाही करनी है और उस कार्यवाही के अक्षर को अपने उत्तर के रूप में चुनना है। आपको प्रत्येक प्रश्न में दी गई सूचना के अतिरिक्त और कोई अनुमान नहीं लगाना है। ये सारे मामले आपको यथा 1.7.2006 को दिए गए हैं

उत्तर दीजिए—

(1) यदि विद्यार्थी को प्रवेश नहीं दिया जाना है

(2) यदि मामला कॉलेज के प्रिंसिपल को भेजा जाना है

(3) यदि उपलब्ध कराया गया डाटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है

(4) यदि विद्यार्थी को प्रवेश दिया जाना है

(5) यदि मामला कॉलेज के रजिस्ट्रार को भेजा जाना है

*[Union bank PO 2006]*

11. कैलाश मोहन्ती का जन्म 24 फरवरी, 1986 को हुआ था। वह प्रवेश के समय 50,000 रुपए का भुगतान कर सकता है। उसे XII कक्षा की विज्ञान शाखा की परीक्षा में कुल 55 % अंक मिले हैं। उसने इंटरेंस टेस्ट में 60% तथा XII कक्षा की परीक्षा में फिजिक्स, केमिस्ट्री और गणित में भी औसत 62 % अंक प्राप्त किए हैं।

12. सुधीर कुलकर्णी को XII कक्षा की विज्ञान शाखा की परीक्षा में कुल 60% अंक मिले हैं। वह प्रवेश के समय 50,000 रुपए अदा कर सकता है। उसे XII कक्षा की परीक्षा में फिजिक्स, केमिस्ट्री और गणित में औसत 65% अंक मिले हैं, उसका जन्म 9 जून, 1988 को हुआ था। उसे इंटरेंस टेस्ट में 56% अंक मिले हैं।

13. नवीन पुरकायस्थ को XII कक्षा की विज्ञान शाखा की अंतिम परीक्षा में और इंटरेंस टेस्ट दोनों में 70 प्रतिशत अंक मिले हैं। उसका जन्म 15 अप्रैल, 1988 को हुआ था। वह प्रवेश के समय 50,000 रुपए अदा कर सकता है।

14. नेहा कक्कड़ का जन्म 4 जुलाई, 1987 को हुआ था। वह प्रवेश के समय 50,000 रुपए अदा कर सकती है। उसे XII कक्षा की परीक्षा में फिजिक्स, केमिस्ट्री और गणित में औसत 65% अंक मिले हैं। उसे इंटरेंस टेस्ट में 75% अंक और XII कक्षा की विज्ञान शाखा की परीक्षा में भी कुल 60 % अंक मिले हैं।

15. अमोल चक्रवर्ती को XII कक्षा की परीक्षा में फिजिक्स, केमिस्ट्री और गणित में औसत 80% अंक और इंटरेंस टेस्ट में 60% अंक मिले हैं। XII कक्षा की विज्ञान शाखा की परीक्षा में उसे कुल 50% अंक मिले थे। उसका जन्म 19 मार्च, 1988 को हुआ था। वह प्रवेश के समय 50,000 रुपए का भुगतान कर सकता है।

16. जीवन मल्होत्रा का जन्म 2 अक्टूबर, 1987 को हुआ था। उसे XII कक्षा की विज्ञान शाखा की परीक्षा में कुल 56 % अंक मिले हैं। उसे XII कक्षा की परीक्षा में फिजिक्स, केमिस्ट्री और गणित में औसत 63% अंक मिले हैं। वह प्रवेश के समय 50,000 रुपए का भुगतान कर सकता है, उसे इंटरेंस टेस्ट में 75% अंक मिले हैं।

**निर्देश (17–26) :** *इन प्रश्नों के उत्तर देने के लिए नीचे दी गई जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए—*

स्पेक्ट्रा लि. कं. विभिन्न स्थानों में अपने शाखा कार्यालयों के लिए कम्प्यूटर ऑपरेटरों की भर्ती करना चाहती है। इस चयन हेतु निर्धारित मानदण्ड निम्नानुसार हैं—

(a) उम्मीदवार कम-से-कम 60% अंक सहित स्नातक होना चाहिए

(b) उम्मीदवार ने कम-से-कम 65% अंक सहित कम्प्यूटर एप्लिकेशन में PG डिग्री/डिप्लोमा पास किया होना चाहिए

(c) उम्मीदवार ने कम-से-कम 55% अंक सहित कम्प्यूटर स्किल टेस्ट पास किया जाना चाहिए

(d) उम्मीदवार यथा 01.09.2007 को 24 वर्ष से कम नहीं और 30 वर्ष से अधिक का नहीं होना चाहिए

तथापि, यदि कोई उम्मीदवार इन सभी शर्तों को पूरा करता है सिवाय—

(i) उपर्युक्त (b), किन्तु उसे कम्प्यूटर स्किल टेस्ट में कम-से-कम 70% अंक मिले हैं, तो मामला कम्पनी के GM–प्रशासन के पास भेजा जाना चाहिए।

(ii) उपर्युक्त (d), किन्तु उसे इन्फार्मेशन टेक्नोलॉजी में कम-से-कम दो वर्ष का कार्यानुभव है, तो मामला कम्पनी के GM–कार्मिक के पास भेजा जाना चाहिए

नीचे प्रत्येक प्रश्न में, एक उम्मीदवार का ब्योरा उसकी उम्मीदवारी के संदर्भ में दिया गया है। आपको उपलब्ध जानकारी पढ़कर ऊपर दी गई शर्तों और दी गई जानकारी के आधार पर उसकी स्थिति सम्बन्धी निर्णय लेना है। नीचे प्रत्येक प्रश्न में दी गई जानकारी के सिवाय आपको कुछ भी मान कर नहीं चलना है। ये सभी मामले आपको यथा 1.9.2007 दिए गए हैं। उत्तर दीजिए—

(1) यदि उम्मीदवार का चयन किया जाना है

(2) यदि मामला G.M.–प्रशासन के पास भेजा जाना है

(3) यदि मामला G.M.–कार्मिक के पास भेजा जाना है

(4) यदि दिया गया डाटा निर्णय लेने के लिए अपर्याप्त है

(5) यदि उम्मीदवार का चयन नहीं किया जाना है।

*[Andhara bank PO 2007]*

17. मोहनीश ने 58% अंक सहित B.Sc (वनस्पति शास्त्र) पास किया है और कम्प्यूटर एप्लिकेशन में PG डिप्लोमा किया है । उसकी जन्म तारीख 14 अगस्त, 1984 है। उसने कम्प्यूटर स्किल टेस्ट 58% अंक सहित पास किया है।

18. रजत बत्रा ने BCA और MCA दोनों 73% अंक सहित पास किए हैं। उसने 79% अंक सहित कम्प्यूटर स्किल टेस्ट पास किया है। उसकी जन्म तारीख 5 अगस्त, 1976 है।

19. अमिता शर्मा ने 22 वर्ष की उम्र में 2002 में 80% अंक सहित BCA पास किया है। दो वर्ष काम करने के बाद उसने कम्प्यूटर एप्लिकेशन में पोस्ट ग्रेजुएशन में दाखिला लिया है। कम्प्यूटर स्किल टेस्ट में उसने 55% अंक पाए हैं।

20. देवयानी प्रकाश ने कम्प्यूटर विज्ञान में 66% अंक सहित डिग्री हासिल की है और 61% अंक सहित MCA किया है, उसे कम्प्यूटर स्किल टेस्ट में 82% अंक मिले हैं। उसने मई, 2007 में 26 वर्ष की आयु पूरी की है।

21. विशाल कुमार ने 68% सहित B.A. और 70% अंक सहित कम्प्यूटर एप्लिकेशन में PG डिप्लोमा पास किया है। उसे कम्प्यूटर स्किल टेस्ट में 70% अंक मिले हैं। उसकी जन्म तारीख 8.2.1982 है।

22. अमर तंवर 61% अंक सहित एक विज्ञान स्नातक है। उसने 65% अंक सहित MCA किया है और उसे IT क्षेत्र में 5 वर्ष का अनुभव है। उसे कम्प्यूटर स्किल टेस्ट में 60% अंक मिले हैं। उसकी जन्म तारीख 1.1.1977 है।

23. मोनिका शर्मा ने एक प्रसिद्ध संस्थान से कम्प्यूटर एप्लिकेशन में पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री प्राप्त की है। उसने कम्प्यूटर स्किल टेस्ट 56% अंक सहित पास किया है। जुलाई, 2007 में उसने 27 वर्ष की आयु पूरी की है।

24. फातिमा शेख ने B.Sc. (ऑनर्स) और MCA क्रमशः 73% और 78% अंक सहित पास किए हैं, उसने 79% अंक सहित कम्प्यूटर स्किल टेस्ट पास किया है। उसकी जन्म तारीख 16.06.1981 है।

25. सिजी मैथ्यू ने B.Sc. (फिजिक्स) और कम्प्यूटर एप्लिकेशन्स में PG डिप्लोमा क्रमशः 69% और 56% अंक सहित पास किए हैं। उसे कम्प्यूटर स्किल टेस्ट में 76% अंक मिले हैं। उसकी जन्म तारीख 10.03.1983 है।

26. सुकुमार रथ ने 2002 में 28 वर्ष की उम्र में 66% अंक सहित PGDCA परीक्षा पास की है। इन्फार्मेशन टेक्नालॉजी में तीन वर्ष काम करने के बाद उसने पिछले वर्ष कम्प्यूटर एप्लिकेशन में PG डिग्री के लिए दाखिला लिया है। उसे स्नातकीकरण कम्प्यूटर और स्किल टेस्ट दोनों में 85% अंक मिले हैं।

**निर्देश (27–35) :** *निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए—*

एक संगठन में लेखा प्रबंधक के चयन की शर्तें निम्नलिखित हैं उम्मीदवार—

(i) कम-से-कम 55% अंक सहित वाणिज्य स्नातक होना चाहिए

(ii) कम-से-कम कुल 50 प्रतिशत अंक सहित स्नातकोत्तर होना चाहिए।

(iii) को किसी संगठन में लेखा विभाग में अर्हता प्राप्ति के बाद कम-से-कम तीन वर्ष का कार्यानुभव होना चाहिए।

(iv) यथा 1.5.2008, 25 वर्ष से कम और 35 वर्ष से अधिक आयु का नहीं होना चाहिए।

(v) को चयन प्रक्रिया में कम-से-कम 40 प्रतिशत अंक मिले होने चाहिए।

यदि उम्मीदवार और सभी मानदंड पूरे करता है सिवाय—

(a) उपर्युक्त (ii) किन्तु उसे किसी संगठन में बतौर सहायक लेखा प्रबंधक कम-से-कम चार वर्ष का कार्यानुभव है तो उसका मामला संगठन के GM–लेखा के पास भेजा जाता है।

(b) उपर्युक्त (iii) किन्तु, उसने सफलतापूर्वक CA/ICWA पूरा किया है, तो उसका मामला निदेशक-वित्त के पास भेजा जाना है

नीचे प्रत्येक प्रश्न में, एक उम्मीदवार का ब्योरा दिया गया है। ऊपर दी गई जानकारी, शर्तों और उपशर्तों के आधार पर आपका निम्नलिखित में से एक कार्यवाही करनी है और उस कार्यवाही के क्रमांक को आपके उत्तर के रूप में बताना है। प्रत्येक मामले में दी गई जानकारी के सिवा आपको कुछ और नहीं मान लेना है। ये सभी मामले आपको यथा 1.5.2008 को दिये गये हैं

उत्तर (1) दीजिए, यदि दिया गया डाटा निर्णय लेने के लिए पर्याप्त नहीं है

उत्तर (2) दीजिए, यदि मामला GM-लेखा के पास भेजा जाना है

उत्तर (3) दीजिए, यदि मामला निदेशक-वित्त के पास भेजा जाना है

उत्तर (4) दीजिए, यदि उम्मीदवार का चयन नहीं किया जाना है

उत्तर (5) दीजिए, यदि उम्मीदवार का चयन किया जाना है

*[Indian overseas bank PO 2008]*

27. अभिनव चतुर्वेदी 60% अंक सहित एक वाणिज्य स्नातक है। वाणिज्य में 55% अंक सहित अपना स्नातकोत्तरीकरण करने के बाद पिछले 4 वर्षों से वह एक संगठन के लेखा विभाग में कार्य कर रहा है। उसका जन्म 8 जुलाई, 1980 को हुआ है। उसे चयन प्रक्रिया में 45% अंक मिले हैं।

28. वैभव सिन्हा का जन्म 12 अप्रैल, 1979 को हुआ था। वाणिज्य में 40% अंकों सहित अपना स्नातकोत्तरीकरण पूरा करने के बाद पिछले 5 वर्ष से वह एक संगठन में बतौर सहायक लेखा प्रबंधक कार्य कर रहा है उसे चयन प्रक्रिया और वाणिज्य में स्नातकीकरण दोनों में 55% अंक मिले हैं।

29. सीमा भसीन को वाणिज्य में स्नातकीकरण में 60% और वाणिज्य में स्नातकोत्तरीकरण में 55% अंक मिले हैं। उसे चयन प्रक्रिया में 50% अंक मिले हैं। उसका जन्म 20 अगस्त, 1978 को हुआ था। उसने सफलतापूर्वक CA भी पूरा किया है। उसे कोई कार्यानुभव नहीं है।

30. निर्मला सावंत का जन्म 4 जुलाई, 1981 को हुआ था। वाणिज्य में 65% अंक सहित अपना स्नातकोत्तरीकरण करने के बाद वह एक संगठन के लेखा विभाग में कार्य कर रही है। उसे चयन प्रक्रिया में 50% अंक मिले हैं।

31. अशोक प्रधान का जन्म 3 मई, 1979 को हुआ था। उसे चयन प्रक्रिया में 42% अंक मिले हैं। 62% अंक सहित वाणिज्य में अपना स्नातकोत्तरीकरण करने के बाद पिछले चार वर्ष से वह एक संगठन के लेखा विभाग में कार्य कर रहा है। उसे वाणिज्य में अपने स्नातकीकरण में 54% अंक मिले हैं।

32. प्रवीर मजूमदार वाणिज्य में स्नातकीकरण में 58% और वाणिज्य में स्नातकोत्तरीकरण में 53% अंक पायें हैं, अपना स्नातकोत्तरीकरण पूरा करने के बाद पिछले चार वर्ष से वह एक संगठन में बतौर सहायक लेखा प्रबंधक कार्य कर रहा है। उसे चयन प्रक्रिया में 44% अंक मिले हैं। उसका जन्म 14 नवम्बर, 1977 को हुआ था।

33. नेहा देव का जन्म 8 फरवरी, 1976 को हुआ था। 53% अंक सहित वाणिज्य में अपना स्नातकोत्तरीकरण करने के बाद पिछले तीन वर्ष से वह एक संगठन के लेखा विभाग में काम कर रही है। वाणिज्य में स्नातकीकरण में उसे 57 प्रतिशत अंक मिले हैं। वह चयन प्रक्रिया में बैठी है।

34. सुधा गोस्वामी का जन्म 19 अक्तूबर, 1982 को हुआ था। 60% अंक सहित वाणिज्य में अपना स्नातकीकरण करने के बाद पिछले पाँच वर्ष से वह एक संगठन में बतौर सहायक लेखा प्रबंधक कार्य कर रही है। उसे चयन प्रक्रिया में 50% अंक मिले हैं।

35. फ्रान्सिस डीकोस्टा ने वाणिज्य में स्नातकीकरण और स्नातकोत्तरीकरण दोनों में 60% अंक पाए हैं। चयन प्रक्रिया में उसे 45% अंक मिले हैं। उसका जन्म 6 दिसम्बर, 1980 को हुआ था। उसने अपने स्नातकीकरण के बाद ICWA पूरा किया है। वह एक संगठन के लेखा विभाग में पिछले एक वर्ष से कार्य कर रहा है।

**निर्देश (36–40) :** *निम्नलिखित जानकारी को ध्यान से पढ़िए और नीचे दियें गयें प्रश्नों के उत्तर दीजिए—*

एक संस्था में प्रबन्धक-विपणन का चयन करने की शर्तें नीचे दी गयी हैं। उम्मीदवार—

(i) 1.5.2010 को कम-से-कम 25 वर्ष और अधिक-से-अधिक 30 वर्ष का हो।

(ii) कम-से-कम 55 प्रतिशत अंकों के साथ किसी भी अनुशासन में स्नातक हो।

(iii) ने कम-से-कम 60 प्रतिशत अंकों के साथ विपणन प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिग्री/डिप्लोमा पूरा किया हो।

(iv) को योग्यता प्राप्ति के बाद किसी संस्था के विपणन विभाग में कम-से-कम तीन साल का काम करने का अनुभव हो।

(v) को चयन प्रक्रिया में कम-से-कम 45 प्रतिशत अंक मिले हों।

यदि कोई उम्मीदवार सभी शर्तें पूरी करता हो सिवाय—

(a) उपर्युक्त (ii) के, लेकिन उसे विपणन प्रबंधक की स्नातकोत्तर डिग्री/डिप्लोमा में कम-से-कम 65 प्रतिशत अंक मिले हों तो मामला GM–विपणन को भेजा जायेगा।

(b) उपर्युक्त (iv) के, लेकिन उसे योग्यता प्राप्ति के बाद किसी संस्था में उप विपणन प्रबंधक के तौर पर काम करने का कम-से-कम एक वर्ष का अनुभव हो, तो मामला CGM–विपणन को भेजा जायेगा।

नीचे प्रत्येक प्रश्न में, एक उम्मीदवार का ब्योरा दिया गया है। उपलब्ध कराई गई जानकारी और ऊपर दी गई शर्तों तथा उपशर्तों के आधार पर आपको निम्नलिखित में से एक कार्यवाही करनी होगी और उस कार्यवाही के अक्षर को अपने उत्तर के रूप में दर्शाइए। प्रत्येक प्रश्न में दी गयी सूचना के अलावा आपको और कोई अनुमान नहीं लगाना है। ये सभी मामले आपको यथा 1.5.2010 दियें गयें हैं। उत्तर दीजिये—

(1) यदि उपलब्ध कराया गया डाटा निर्णय लेने के लिए पर्याप्त नहीं है

(2) यदि उम्मीदवार का चयन किया जाएगा

(3) यदि उम्मीदवार का चयन नहीं किया जाएगा

(4) यदि मामला GM–विपणन को भेजा जाएगा

(5) यदि मामला CGM–विपणन को भेजा जाएगा

*[Bank of Baroda PO 2010]*

36. श्रेयस इगले का जन्म 12 जुलाई, 1983 को हुआ था। उसे B. Com. में 57 प्रतिशत अंक मिले हैं। 67% अंकों के साथ विपणन प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा करने के बाद वह पिछले चार वर्ष से एक संस्था के विपणन प्रभाग में काम कर रहा है। चयन प्रक्रिया में उसे 48% अंक मिले हैं।

37. अर्चित प्रधान पिछले पाँच वर्ष से एक संस्था के विपणन प्रभाग में काम कर रहा है। B.Sc तथा विपणन प्रबंधन की स्नातकोत्तर डिग्री दोनों में 60% अंक मिले हैं। उसका जन्म 8 मई, 1984 को हुआ था। उसे चयन प्रक्रिया में 46% अंक मिले हैं।

38. निशा अवस्थी का जन्म 29 अप्रैल, 1981 को हुआ था। वह 67 प्रतिशत अंकों के साथ विपणन प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिग्री लेने के बाद पिछले पाँच वर्ष से एक संस्था के विपणन प्रभाग में काम कर रही है। उसे चयन प्रक्रिया में 50% और B.Com में 53 प्रतिशत अंक मिले हैं।

39. अंकिदा भावे 62% अंकों के साथ विपणन प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा करने के बाद पिछले चार वर्ष से एक संस्था के विपणन प्रभाग में काम कर रही है। उसका जन्म 11 अगस्त, 1982 को हुआ था। उसे B.Sc में 52% अंक मिले हैं। चयन प्रक्रिया में उसे 48 % अंक मिले हैं।

40. सुबोध सक्सेना का जन्म 15 नवम्बर, 1982 को हुआ था। वह 68 प्रतिशत अंक लेकर विपणन प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिग्री लेने के बाद पिछले दो वर्ष से एक संस्था में उप विपणन प्रबंधक के रूप में काम कर रहा है। उसे B.Com में 56 % और चयन प्रक्रिया में 50% अंक मिले हैं।

**निर्देश (41–50) :** *इन प्रश्नों के उत्तर देने के लिए निम्नलिखित जानकारी को ध्यान से पढ़िए—*

XYZ लि. कं. ने ट्रेनी इंजीनियरों की भर्ती के लिए निम्नलिखित शर्तें लगाई हैं—

उम्मीदवार—

(a) कम-से-कम 60% अंकों सहित इंजीनियरिंग ग्रेजुएट होना चाहिए

(b) 1.5.2006 को 21 वर्ष से कम और 25 वर्ष से अधिक आयु का न हो

(c) ने चयन परीक्षा कम-से-कम 55% अंकों से पास की हो

(d) 50,000 रु की जमाराशि देने की तैयार हो जो प्रशिक्षण पूरा होने पर लौटाई जाएगी

हालांकि, यदि उम्मीदवार उपर्युक्त सभी मानदंडों को पूरा करता हो, सिवाय—

(i) उपर्युक्त (a) के, लेकिन अन्तिम सत्र की परीक्षा में बैठा हो और पहले सात सत्रों में कुल मिलाकर न्यूनतम 65% अंक मिले हों, तो उसका मामला कम्पनी के V.P. को भेजा जाएगा।

(ii) उपर्युक्त (d) के, लेकिन कम-से-कम 25,000 रु देने को तैयार हो और इंजीनियरिंग डिग्री में कम-से-कम 70% अंक लिए हों तो उसका मामला कम्पनी के महाप्रबंधक को भेजा जाएगा।

निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न में प्रत्येक उम्मीदवार को उम्मीदवारी के सम्बन्ध में विवरण दिया गया है। आपको उपलब्ध कराई गई सूचना को पढ़ना है और ऊपर दी गई शर्तों तथा उपलब्ध कराई गई सूचना के आधार पर उसकी स्थिति का निर्णय करना है। आपको प्रत्येक प्रश्न में उपलब्ध कराई गई सूचना के अतिरिक्त अपनी ओर से कोई अनुमान नहीं लगाना है। आपको ये सारे मामले यथा 1.5.2006 की दिए गए हैं—

उत्तर (1) दीजिए, यदि उम्मीदवार का चयन किया जाना है।

उत्तर (2) दीजिए, यदि मामला महाप्रबंधक को भेजा जाना है।

उत्तर (3) दीजिए, यदि मामला V.P. को भेजा जाना है।

उत्तर (4) दीजिए, यदि उपलब्ध कराया गया डाटा निर्णय लेने के लिए अपर्याप्त है।

उत्तर (5) दीजिए, यदि उम्मीदवार का चयन नहीं किया जाना है।

*[Dena Bank (P.O.) 2006]*

41. सचिन ने हाल ही में 23 वर्ष की आयु पूरी की है। उसने सिविल इंजीनियरिंग की डिग्री 70% अंकों सहित पास की है। उसने 61% अंकों सहित चयन परीक्षा पास की है। वह केवल 25,000 रु. अदा करने के लिए तैयार है और वह 50,000 रु. अदा नहीं कर पायेगा।

42. अंजलि 52% अंकों सहित 2003 में पास एक IT इंजीनियर है। इंजीनियरिंग डिग्री पाने के बाद उसने वित्त में विशेषज्ञता सहित MBA किया है। उसने 60% अंकों सहित चयन परीक्षा पास की है। वह 50,000 रु की डिपाजिट अदा कर सकती है। उसकी जन्मतिथि 15 सितम्बर, 1982 है।

43. मोहन राव 66% अंकों सहित 2004 में पास एक इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियर है। उसने 59% अंकों सहित चयन परीक्षा पास की है। वह डिपॉजिट की आवश्यक राशि अदा करने के लिए तैयार है।

44. के. शिवकुमार मेकेनिकल इंजीनियरिंग का विद्यार्थी है और वह अन्तिम सत्र की परीक्षा में बैठा है। अन्तिम सत्र की परीक्षा के परिणाम जून, 2006 में अपेक्षित है। पहले सात सत्रों में उसका कुल प्रतिशत 67% है। अतः उसे अन्तिम सत्र में 65% अंक स्कोर करने की आशा है। उसने चयन परीक्षा 60% अंकों सहित पास की है और डिपॉजिट के रूप में 50,000 रु की राशि अदा करने में उसे कोई दिक्कत नहीं है इस समय वह 22 वर्ष का है।

45. राजीव अंधारे अन्तिम सत्र की इंजीनियरिंग डिग्री परीक्षा में बैठा है और उसे कम-से-कम 70% अंक पाने की आशा है। पहले सात सत्रों तक उसका कुल स्कोर 72% है। उसने हाल ही में 21 वर्ष की आयु पूरी की है। उसने चयन परीक्षा में 63% अंक प्राप्त किए हैं और वह डिपॉजिट के रूप में 50,000 रु की राशि अदा करने के लिए तैयार है।

46. नचिकेत डिग्री स्तर पर 75% अंकों सहित इंजीनियरिंग स्नातक है। उसकी जन्म तारीख 16.4.1982 है, उसे चयन परीक्षा में 66% अंक मिले हैं वह डिपॉजिट की आवश्यक राशि का 50% चयन के समय शेष राशि बाद में अदा करने के लिए तैयार है।

47. निकिता ने जून, 2005 में 74% अंकों सहित केमिकल इंजीनियरिंग की डिग्री पास की है। वह चयन परीक्षा में बैठी थी, जिसे उसने 72% अंकों सहित पास किया है। उसकी जन्म-तिथि 26.8.1983 है। वह 50,000 रु अदा करने की स्थिति में नहीं है, किन्तु वह डिपॉजिट के रूप में 30,000 रु अदा करने की व्यवस्था करेगी।

48. विनोद ने 2005 में 22 वर्ष की आयु में 68% अंकों सहित कम्प्यूटर इंजीनियरिंग की डिग्री परीक्षा पास की है और वह पिछले छह महीने से एक प्राइवेट इंजीनियरिंग फर्म में काम कर रहा है उसने 63% अंकों सहित चयन परीक्षा पास की है। वह डिपॉजिट के रूप में 50,000 रु अदा करने का प्रबन्ध करेगा।

49. अनिकेत मेकेनिकल इंजीनियरिंग के अन्तिम सत्र की परीक्षा में बैठा है और परिणाम आने वाला है। उसे पहले सात सत्रों में से प्रत्येक में प्रथम श्रेणी मिली है। हाल ही में उसने 22 वर्ष की उम्र पूरी की है। उसे डिपॉजिट के रूप में अपेक्षित 50,000 रु की राशि अदा करने में कोई दिक्कत नहीं है। उसने चयन परीक्षा 58% अंकों सहित पास की है।

50. शशांक जोशी एक इलेक्ट्रिकल इंजीनियर है। उसने 2003 में 21 वर्ष की आयु में डिग्री परीक्षा पास की है। उसे डिग्री परीक्षा में 66% और चयन परीक्षा में 56% अंक मिले हैं वह डिपॉजिट के रूप में 50,000 रु. की राशि अदा कर सकता है।

**निर्देश (51–60) :** *एक संस्था में जूनियर एक्जीक्यूटिव के चुनाव के लिए निम्नलिखित मानदण्ड बनाए गए हैं। उम्मीदवार—*

(i) को SSC परीक्षा में कम-से-कम 70% अंक मिले हों।

(ii) ने कम-से-कम 65% अंकों और प्रथम श्रेणी में किसी भी अनुशासन में स्नातक की डिग्री ली हो।

(iii) ने कम-से-कम 55% अंकों के साथ चयन परीक्षा पास की हो

(iv) ने कम-से-कम 50% अंकों के साथ साक्षात्कार उत्तीर्ण किया हो

(v) की आयु 1.9.2008 को 21 वर्ष से कम और 28 वर्ष से अधिक न हो

(vi) ने कम्प्यूटर्स में कम-से-कम एक सर्टीफिकेट/डिप्लोमा कोर्स किया हो।

तथापि, उम्मीदवार ऊपर उल्लिखित सभी मानदण्ड पूरे करता हो सिवाय—

(a) उपर्युक्त (ii) के, लेकिन उसने किसी भी अनुशासन में स्नातकोत्तर की पढ़ाई पूरी कर ली हो, तो उसका मामला कम्पनी के वाइस प्रेसिडेंट को भेजा सकता है।

(b) उपर्युक्त (iii) के, लेकिन उस चयन परीक्षा में कम-से-कम 60% अंक मिले हों, तो मामला कम्पनी के महाप्रबन्धक (भर्ती) को भेजा जा सकता है।

नीचे प्रत्येक प्रश्न में एक उम्मीदवार के बारे में जानकारी दी गई है, आपको इस जानकारी तथा ऊपर दिए गए मानदण्डों और शर्तों के आधार पर निम्नलिखित पाँच में से एक निर्णय लेना है। प्रत्येक प्रश्न में दी गई जानकारी के अलावा आपको और कोई अनुमान नहीं लगाना है। आपको ये सारे मामले यथा 1.9.2008 दिए गए हैं आपको प्रत्येक प्रश्न में निम्नानुसार उत्तर चुनकर अपना निर्णय बताना है

उत्तर (1) दीजिए, यदि उम्मीदवार का चयन किया जाना है।

उत्तर (2) दीजिए, यदि उम्मीदवार का चयन नहीं किया जाना है।

उत्तर (3) दीजिए, यदि डाटा निर्णय लेने के लिए अपर्याप्त है।

उत्तर (4) दीजिए, यदि मामला कम्पनी के वाइस प्रेसिडेंट को भेजा जाना है।

उत्तर (5) दीजिए, यदि मामला कम्पनी के महाप्रबन्धक (भर्ती) को भेजा जाना है। *[Dena Bank FO 2008]*

51. शमिका 69% अंकों के साथ प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुई विज्ञान की स्नातक है। उसने SSC परीक्षा 83% अंक लेकर पास की है। उसने चयन परीक्षा 53% अंकों और साक्षात्कार 63% अंकों के साथ पास किया है। उसकी जन्मतिथि 1.8.1983 है। उसने कम्प्यूटर में 6 माह का सर्टिफिकेट कोर्स पूरा किया है।

52. विवेक इस समय अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर की पढ़ाई कर रहा है। उसने स्नातक की परीक्षा 72% अंक लेकर प्रथम श्रेणी में पास की है। SSC में उसे 78% अंक मिले हैं। उसकी जन्म तिथि 21.8.1985 है। चयन परीक्षा में उसे 58% और साक्षात्कार में 62% अंक मिले हैं। कम्प्यूटर्स में उसने 6 माह का डिप्लोमा पास किया है।

53. अभिजीत ने स्नातक में 60% और स्नातकोत्तर में 65% अंक लिए हैं। उसने कम्प्यूटर्स में एक वर्ष का डिप्लोमा किया है। SSC में उसे 85% अंक मिले हैं। उसने चयन परीक्षा और साक्षात्कार क्रमशः 58% और 56% अंक लेकर पास की है। उसकी जन्म तिथि 17.5.1986 है

54. सुजय चौधरी ने SSC परीक्षा 81% अंक लेकर डिस्टिंक्शन सहित और B. Com. परीक्षा 68% अंक लेकर प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की है। उसने कम्प्यूटर्स में एक सर्टिफिकेट कोर्स किया है। उसने चयन परीक्षा 51% अंक और साक्षात्कार 61% अंक लेकर पास की है। 21.2.2008 को वह 23 वर्ष का हुआ है।

55. अंकिता 68% अंकों के साथ प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुई कॉमर्स स्नातक है। स्नातक के बाद उसने कम्प्यूटर्स में दो वर्ष का डिप्लोमा किया है। SSC के उसके अंक 85% थे। उसने चयन परीक्षा 64% और साक्षात्कार 58% अंक लेकर उत्तीर्ण की है। उसकी जन्म तिथि 27.8.1985 है।

56. मनीषा को SSC में 73% अंक और स्नातक में 62% अंक मिले हैं। स्नातक की पढ़ाई के बाद वह एक प्राइवेट फर्म में काम कर रही है। उसने चयन परीक्षा 58% और साक्षात्कार 62% अंकों के साथ उत्तीर्ण किया है। उसकी जन्म तिथि 11.5.1983 है। उसने कम्प्यूटर्स में एक सर्टिफिकेट कोर्स किया है।

57. निकिता 72% अंकों के साथ प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुई इंजीनियरिंग ग्रेजुएट है। उसने चयन परीक्षा और साक्षात्कार क्रमशः 63% और 65% अंक लेकर उत्तीर्ण किए हैं। उसने कम्प्यूटर्स में एक वर्ष का डिप्लोमा किया है। उसकी जन्मतिथि 16.7.1984 है।

58. ज्योतिका बसु 68% अंकों के साथ 2004 में प्रथम श्रेणी में B.Sc. में उत्तीर्ण हुई है। SSC में उसने 67% अंक लिए हैं। इस समय वह M.Sc. कर रही है उसने चयन परीक्षा और साक्षात्कार क्रमशः 56% और 53% लेकर पास किए हैं। उसने कम्प्यूटर्स में सर्टिफिकेट कोर्स किया है। उसकी जन्म तिथि 15.5.1985 है।

59. नंदन सावला ने 66% अंकों के साथ प्रथम श्रेणी में B.Com. पास किया है। SSC में उसे 75% अंक मिले हैं। 25 जुलाई, 2008 को उसने अपनी आयु के 25 वर्ष पूरे किए हैं। उसने चयन परीक्षा और साक्षात्कार 56% अंक लेकर पास की है। कम्प्यूटर्स में एक वर्ष का सर्टिफिकेट कोर्स उसने 'A' ग्रेड में पूरा किया है।

60. राजेश चवान 61% अंकों के साथ प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुआ कला स्नातक है। 62% अंक लेकर उसने अंग्रेजी में M.A. भी किया है। SSC में उसे 78% अंक मिले थे। उसने चयन परीक्षा 56% और साक्षात्कार 54% अंकों के साथ पास की है। उसकी जन्म तिथि 25.3.1984 है। उसने कम्प्यूटर्स में डिप्लोमा कोर्स किया है।

**निर्देश (61–70) :** *निम्नलिखित जानकारी को ध्यान से पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए—*

एक संस्था में प्रशिक्षु अधिकारियों का चयन करने के लिए निम्नलिखित शर्तें हैं : उम्मीदवार—

(i) कम-से-कम 55% के अंकों के साथ किसी भी अनुशासन में ग्रेजुएट हो।

(ii) को XII कक्षा की परीक्षा में कम-से-कम 60% अंक मिले हों।

(iii) की आयु 1.1.2010 को 22 वर्ष से कम और 29 वर्ष से अधिक न हो।

(iv) को चयन परीक्षा में कम-से-कम 40 प्रतिशत अंक मिले हों

(v) को व्यक्तिगत साक्षात्कार में कम-से-कम 50 प्रतिशत अंक मिले हों

(vi) दो वर्ष के बॉण्ड पर हस्ताक्षर करने के लिए तैयार हो।

यदि उम्मीदवार सभी शर्तें पूरी करता है सिवाय—

(a) उपर्युक्त (i) के, लेकिन योग्यता प्राप्त कॉस्ट अकाउंटेंट/चार्टर्ड अकाउंटेंट है तो उसका मामला ED को भेजा जाएगा।

(b) उपर्युक्त (v) के, लेकिन उसे चयन परीक्षा में कम-से-कम 60% अंक मिले हों, तो मामला अध्यक्ष को भेजा जाएगा।

नीचे प्रत्येक प्रश्न में एक उम्मीदवार का विवरण दिया गया है। आपको दी गई जानकारी और ऊपर दी गई शर्तों व उप-शर्तों के आधार पर एक कार्रवाई करनी है और उस कार्रवाई को अपने ऊपर के रूप में दर्शाना है प्रत्येक प्रश्न में दी गई जानकारी के अलावा आपको और कोई अनुमान नहीं लगाना है। आपको ये सारे मामले यथा 1.1.2010 को दिए गए हैं—

उत्तर (1) दीजिए, यदि उम्मीदवार का चयन किया जाना है।

उत्तर (2) दीजिए, यदि उम्मीदवार का चयन नहीं किया जाना है।

उत्तर (3) दीजिए, यदि मामला ED को भेजा जाना है।

उत्तर (4) दीजिए, यदि मामला अध्यक्ष को भेजा जाना है।

उत्तर (5) दीजिए, यदि उपलब्ध कराया गया डाटा निर्णय लेने के लिए पर्याप्त नहीं है।

*[Bank of India PO 2010]*

61. सूसन डीसूजा को कक्षा XII में 62% और B.A. में 59% अंक मिले हैं। उसका जन्म 15 जुलाई, 1984 को हुआ था, चयन परीक्षा और व्यक्तिगत साक्षात्कार दोनों में उसे 50% अंक मिले हैं। वह दो वर्ष के बॉण्ड पर हस्ताक्षर करने को तैयार है।

62. अर्चना साहू का जन्म 8 मई, 1986 को हुआ था। कक्षा XII और B.Sc. दोनों में उसे 60% अंक मिले हैं। वह दो वर्ष के बॉण्ड पर हस्ताक्षर करने को तैयार है। उसे व्यक्तिगत साक्षात्कार में 40 % और चयन परीक्षा में 50% अंक मिले हैं।

63. अतुल गर्ग का जन्म 2 दिसम्बर, 1980 को हुआ था। उसे B.Sc. में 56 % और कक्षा XII में 63% अंक मिले हैं। उसे चयन परीक्षा और व्यक्तिगत साक्षात्कार दोनों में 55 % अंक मिले हैं वह दो वर्ष के बॉण्ड पर हस्ताक्षर करने के लिए तैयार है।

64. मीना गोगोई का जन्म 14 मार्च, 1985 को हुआ था। उसे कक्षा XII में 62% और चयन परीक्षा में 65% अंक मिले हैं। उसे ग्रेजुएशन में 58% और व्यक्तिगत साक्षात्कार में 48% अंक मिले हैं। वह दो वर्ष के बॉण्ड पर हस्ताक्षर करने को तैयार है।

65. सुधाकर बागची का जन्म 4 नवम्बर, 1982 को हुआ था। उसे कक्षा XII में 67% और ग्रेजुएशन में 50% अंक मिले हैं। उसने चार्टर्ड अकाउटेंट के रूप में भी सफलतापूर्वक योग्यता प्राप्त की है। चयन परीक्षा और व्यक्तिगत साक्षात्कार दोनों में उसे 50% अंक मिले हैं वह दो वर्ष के बॉण्ड पर हस्ताक्षर करने को तैयार है।

66. अशोक प्रधान को ग्रेजुएशन में 56% और कक्षा XII में 63% अंक मिले हैं। उसका जन्म 12 दिसम्बर, 1986 को हुआ था। उसे चयन परीक्षा में 45% और व्यक्तिगत साक्षात्कार में 55% अंक मिले हैं।

67. अंतरा घोष का जन्म 2 दिसम्बर, 1981 को हुआ था। उसे चयन परीक्षा और व्यक्तिगत साक्षात्कार दोनों में 60% अंक मिले हैं। उसे कक्षा XII में 62% और B.Sc. में 57% अंक मिले हैं। वह दो वर्ष के बॉण्ड पर हस्ताक्षर करने के लिए तैयार है।

68. नवीन मल्होत्रा का जन्म 3 अगस्त, 1987 को हुआ था। उसे कक्षा XII में 68% और B.A में 50% अंक मिले हैं। उसे व्यक्तिगत साक्षात्कार में 50% अंक और चयन परीक्षा में 40% अंक मिले हैं। वह मान्यता प्राप्त कॉस्ट अकाउंटेंट है। वह दो वर्ष के बॉण्ड पर हस्ताक्षर करने को तैयार है।

69. अभिनव शुक्ला को कक्षा XII में 70% और B.Com. में 58 % अंक मिले हैं। उसका जन्म 15 सितम्बर, 1984 को हुआ था। उसे चयन परीक्षा में 65% और व्यक्तिगत साक्षात्कार में 48 अंक मिले हैं, वह दो वर्ष के बॉण्ड पर हस्ताक्षर करने को तैयार है।

70. सुरेश दास दो वर्ष के बॉण्ड पर हस्ताक्षर करने को तैयार है। वह विज्ञान में प्रथम श्रेणी प्राप्त ग्रेजुएट है। उसे व्यक्तिगत साक्षात्कार में 50% और चयन परीक्षा में 40 अंक मिले हैं। उसका जन्म 25 अप्रैल, 1982 को हुआ था। कक्षा XII में उसे अपने मित्र से दस प्रतिशत अधिक अंक मिले थे।

निर्देश (71–78) : *एक संस्था प्रशिक्षु अधिकारी भर्ती करना चाहती है, मानदण्ड निम्नानुसार है—*

उम्मीदवार—

(i) 1.2.2009 को 21 वर्ष से कम और 28 वर्ष से अधिक न हो।

(ii) कम-से-कम 55% अंकों के साथ किसी भी अनुशासन में ग्रेजुएट हो।

(iii) को चयन परीक्षा में कम-से-कम 50% अंक मिले हों।

(iv) को साक्षात्कार में कम-से-कम 45% अंक मिले हों।

(v) भारत में कहीं भी काम करने को तैयार हो।

लेकिन, यदि उम्मीदवार उपर्युक्त सभी मानदण्डों को पूरा करता हो, सिवाय—

(a) उपर्युक्त (ii) के, लेकिन पोस्ट ग्रेजुएट हो, तो उसका मामला कार्यपालक निदेशक को भेजा जाएगा।

(b) उपर्युक्त (i) के, लेकिन उसे कम-से-कम एक वर्ष का कार्य अनुभव हो, तो उसका मामला वाइस प्रेसीडेंट को भेजा जाएगा।

नीचे प्रत्येक प्रश्न में एक-एक उम्मीदवार की जानकारी दी गई है। आपको उपलब्ध कराई गई सूचना तथा ऊपर दिए गए मानदण्डों तथा शर्तों के आधार पर निम्नलिखित पाँच में से एक निर्णय लेना है, प्रत्येक प्रश्न में दी गई जानकारी के अलावा आपको कोई अनुमान नहीं लगाना है। ये सारे मामले आपको यथा 1.2.2009 दिए गए हैं, आपको प्रत्येक प्रश्न में निम्नानुसार उत्तर देकर अपना निर्णय बताना है—

उत्तर (1) दीजिए, यदि मामला कार्यपालक निदेशक को भेजा जाएगा।

उत्तर (2) दीजिए, यदि मामला वाइस प्रेसीडेंट को भेजा जाएगा।

उत्तर (3) दीजिए, यदि कथन में दिया गया डाटा निर्णय लेने के लिए पर्याप्त नहीं है।

उत्तर (4) दीजिए, यदि उम्मीदवार का चयन किया जाना है।

उत्तर (5) दीजिए, यदि उम्मीदवार को चयन नहीं किया जाना है।

*[Canara Bank PO 2009]*

71. विजय कुमार 22 वर्ष की आयु में 58% अंकों के साथ 2007 में पास हुआ कॉमर्स ग्रेजुएट है। वह भारत में कहीं भी काम करने को तैयार है। उसे चयन परीक्षा में 48% और साक्षात्कार में 52% अंक मिले हैं।

72. अविनाश 63% अंकों के साथ प्रथम श्रेणी में पास हुआ विज्ञान का ग्रेजुएट है। उसने चयन परीक्षा और साक्षात्कार में क्रमशः 53% व 51% का अंक हासिल किया है। वह भारत में कहीं भी काम करने को तैयार है। वह जुलाई, 2007 से एक निजी संस्था के विपणन विभाग में काम कर रहा है। उसका जन्म 11.6.1980 को हुआ था।

73. सुनील मकवाना 72% अंकों के साथ उत्तीर्ण हुआ एक विज्ञान ग्रेजुएट है। उसकी जन्म तिथि 13.10.1978 है। वह पिछले 2 वर्षों से एक क्लर्क के रूप में काम कर रहा है। उसे चयन परीक्षा और साक्षात्कार दोनों में 58% अंक मिले हैं। वह भारत में कहीं भी काम करने को तैयार है।

74. निशा शर्मा ने जुलाई, 2008 में 57% अंकों के साथ बी.कॉम पास किया है। उसने साक्षात्कार में 48% और चयन परीक्षा में 58% अंक लिये हैं। वह भारत में कहीं भी काम करने को तैयार है। नवम्बर, 2008 में उसने 25 वर्ष की आयु पूरी की है।

75. राजन बाजे 45% अंकों के साथ ग्रेजुएट तथा 52% अंकों के साथ पोस्ट ग्रेजुएट है। उसकी जन्म तिथि 17.6.1982 है। वह भारत में कहीं भी। काम करने को तैयार है। उसे साक्षात्कार में 56% और चयन परीक्षा में 63% अंक मिले हैं।

76. 23 वर्षीय शमिका 52% अंकों के साथ अगस्त, 2008 में उत्तीर्ण हुई विज्ञान ग्रेजुएट है। वह भारत में कहीं भी काम करने को तैयार है। उसने चयन परीक्षा 66% और साक्षात्कार 56% अंकों के साथ उत्तीर्ण किया है।

77. भावेश शाह रसायनशास्त्र में पोस्ट ग्रेजुएट है और पिछले एक वर्ष से एक केमिकल कम्पनी में काम कर रहा है उसे ग्रेजुएशन में 53% अंक मिले हैं। उसे चयन परीक्षा में 58% और साक्षात्कार में 52% अंक मिले हैं। इस समय वह 26 वर्ष का है। वह भारत में कहीं भी काम करने को तैयार है।

78. वंदना ने 68% अंकों के साथ अर्थशास्त्र में बी.ए. पास किया है। उसकी जन्म तिथि 23.8.1983 है। वह भारत में कहीं भी काम करने को तैयार है। उसे साक्षात्कार में 56% अंक मिले हैं।

**निर्देश (79–83) :** *निम्नलिखित जानकारी को ध्यान से पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए—*

एक बैंक में वरिष्ठ प्रबन्धक ऋण का चयन करने के लिए शर्तें नीचे दी गई हैं।

उम्मीदवार—

(i) कम-से-कम 60% अंकों के साथ किसी भी अनुशासन में ग्रेजुएट हों।

(ii) को योग्यता प्राप्ति के बाद किसी बैंक के अग्रिम अनुभाग में कम-से-कम दस साल का कार्य अनुभव होना चाहिए।

(iii) 1.4.2010 को कम-से-कम 30 वर्ष का और 40 वर्ष से अधिक का न हो।

(iv) को समूह चर्चा में कम-से-कम 40 % अंक मिले हों।

(v) को साक्षात्कार में कम-से-कम 50 % अंक मिले हों।

उस उम्मीदवार के मामले में जो सभी शर्तें पूरी करता हो सिवाय—

(a) उपर्युक्त (i) के, लेकिन उसे ग्रेजुएशन में कम-से-कम 50% और किसी भी अनुशासन में पोस्ट-ग्रेजुएशन में कम-से-कम 60% अंक मिले हों, तो मामला महाप्रबंधक अग्रिम को भेजा जाएगा।

(b) उपर्युक्त (ii) के, योग्यता प्राप्ति के बाद कम-से-कम सात वर्ष का कार्य अनुभव है जिनमें से कम-से-कम तीन वर्ष किसी बैंक में प्रबन्धक-ऋण के रूप में रहा हो, तो मामला कार्यपालक निदेशक को भेजा जाएगा।

नीचे प्रत्येक प्रश्न में एक उम्मीदवार का विवरण दिया गया है। उपलब्ध कराई गई सूचना और ऊपर दी गई शर्तों एवं उपशर्तों के आधार पर आपको निम्नलिखित में से एक कार्वाई करनी होगी और उस कार्वाई की संख्या को अपने उत्तर के रूप में चुनना होगा। आपको प्रत्येक प्रश्न में दी गई जानकारी के अलावा और कोई अनुमान नहीं लगाना है। ये सारे मामले आपको यथा 1.4.2010 दिए गए हैं—

उत्तर (1) दीजिए, यदि मामला कार्यपालक निदेशक को भेजा जाना है।

उत्तर (2) दीजिए, यदि मामला महाप्रबंधक अग्रिम को भेजा जाना है।

उत्तर (3) दीजिए, यदि डाटा निर्णय लेने के लिए अपर्याप्त है।

उत्तर (4) दीजिए, यदि उम्मीदवार का चयन नहीं किया जाना है।

उत्तर (5) दीजिए, यदि उम्मीदवार का चयन किया जाना है।

*[SBI PO 2010]*

79. प्रकाश गोखले का जन्म 4 अगस्त, 1977 को हुआ था। उसने पोस्ट ग्रेजुएशन में 65% और ग्रेजुएशन में 58% अंक पाए हैं। अपना पोस्ट ग्रेजुएशन पूरा करने के बाद वह पिछले दस वर्ष से एक बैंक के अग्रिम विभाग में कार्य कर रहा है। उसे समूह चर्चा में 45% और साक्षात्कार में 50% अंक मिले हैं।

80. अमित नारायण का जन्म 28 मई, 1974 को हुआ था। 65% अंकों के साथ B.Sc. डिग्री पूरी करने के बाद पिछले ग्यारह वर्ष से वह एक बैंक के अग्रिम विभाग में काम रहा है। उसे समूह चर्चा में 55 प्रतिशत और साक्षात्कार में 50 प्रतिशत अंक मिले हैं।

81. शोभा गुप्ता को साक्षात्कार में 50 प्रतिशत और समूह चर्चा में 40 प्रतिशत अंक मिले हैं। 60% अंकों के साथ B. A. डिग्री लेने के बाद वह पिछले 8 वर्ष से काम कर रही है, जिनमें से चार वर्ष से वह एक बैंक में प्रबन्धक-ऋण के रूप में रही है। उसका जन्म 12 सितम्बर, 1978 को हुआ था।

82. रोहन मसकरे का जन्म 8 मार्च, 1974 को हुआ था। वह 70 प्रतिशत अंक लेकर B.Com करने के बाद पिछले बारह वर्ष से एक बैंक में काम कर रहा है, उसे समूह चर्चा और साक्षात्कार दोनों में 50 प्रतिशत अंक मिले हैं।

83. सुधा मेहरोत्रा 60 प्रतिशत अंकों के साथ B.Com. डिग्री लेने के बाद पिछले बारह वर्ष से एक बैंक के अग्रिम विभाग में काम कर रही है, उसे समूह चर्चा में 50 प्रतिशत और साक्षात्कार में 40 प्रतिशत अंक मिले हैं। उसका जन्म 15 फरवरी, 1972 को हुआ था।

**निर्देश (84–88) :** *एक संस्था के लिए एक अर्थशास्त्री के चुनने के लिए नीचे दी गई शर्तें हैं—*

अभ्यर्थी के लिए आवश्यक है कि—

(i) वह न्यूनतम 55% अंक सहित अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर होना चाहिए।

(ii) वह न्यूनतम 65% अंक सहित किसी भी वर्ग में स्नातक होना चाहिए।

(iii) वह 1.4.2006 को 21 वर्ष से कम नहीं तथा 28 वर्ष से अधिक आयु का नहीं होना चाहिए।

(iv) उसको कम-से-कम 1 वर्ष का अधिकारी के रूप में कार्य करने का अनुभव होना चाहिए।

(v) उसको चयन परीक्षा में कम-से-कम 50% अंक प्राप्त हुए हों।

फिर भी यदि एक अभ्यर्थी सभी शर्तें पूरी करता हो, सिवाय—

(a) (iv) को, परन्तु उसने अर्थशास्त्र में Ph.D. की हो, तो उसके मामले को वाइस प्रेसीडेन्ट को भेजा जाना चाहिए।

(b) (i) को, परन्तु उसने स्नातकोत्तर परीक्षा कम-से-कम 50% अंक प्राप्त किए हैं, परन्तु उसको अधिकारी के रूप में 2 वर्ष का अनुभव हो, तो उसका मामला बोर्ड के डाइरेक्टर्स को भेजा जाना चाहिए।

नीचे प्रत्येक प्रश्न में एक अभ्यर्थी से सम्बन्धित जानकारी दी गई है। आपको दी गई सूचना को पढ़कर उपरोक्तानुसार उनकी स्थिति तय करनी है। आपको दी गई सूचनाओं के अलावा और कोई अनुमान नहीं लगाना है। ये सभी स्थिति आपको 1.4.2006 के अनुसार तय करना है।

उत्तर (1) दीजिए, यदि अभ्यर्थी चुनना है।

उत्तर (2) दीजिए, यदि मामला बोर्ड के डाइरेक्टर्स के पास भेजना है।

उत्तर (3) दीजिए, यदि मामला वाइस प्रेसीडेन्ट के पास भेजना है।

उत्तर (4) दीजिए, यदि जानकारी अधूरी है।

उत्तर (5) दीजिए, यदि अभ्यर्थी चुना नहीं जाना है।

*[Mahrashtra bank Marketing Officer's 2006]*

84. विकास मेहरोत्रा क्रमशः 70% और 60% अंकों के साथ अर्थशास्त्र में स्नातक और स्नातकोत्तर है। 26 वर्ष की आयु में उसने 2005 में अर्थशास्त्र में Ph. D. भी कर ली है। जुलाई, 2005 में Ph.D. का शोध प्रबन्ध प्रस्तुत करने के तत्काल बाद वह एक निजी बैंक में वित्त एक्जीक्यूटिव लग गया। उसने चयन परीक्षा 64% अंकों के साथ उत्तीर्ण की है।

85. श्यामलाल 68% अंकों के साथ अर्थशास्त्र का स्नातक है। उसने 24 वर्ष की आयु में 2004 में अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर की पढ़ाई पूरी की। उसने चयन परीक्षा 70% अंकों के साथ उत्तीर्ण की है। स्नातकोत्तर में 56% अंकों के साथ उसे द्वितीय श्रेणी मिली है। वह दिसम्बर, 2004 से एक अधिकारी के तौर पर काम कर रहा है।

86. रंजना अर्थशास्त्र में स्नातक है और वित्त में MBA है। उसे प्रत्येक परीक्षा में 70% अंक मिले हैं। उसकी आयु 25 वर्ष है और वह पिछले डेढ़ वर्ष से वित्त एक्जीक्यूटिव के रूप में काम कर रही है। उसने चयन परीक्षा 60% अंकों के साथ उत्तीर्ण की है।

87. निकिता ने 72% अंकों के साथ B. Com. किया है और 63% अंक लेकर अर्थशास्त्र में M.A. किया है। वह पिछले 2 वर्षों से वित्त अधिकारी के रूप में काम कर रही है। उसकी जन्म तिथि 24.1.1978 है।

88. श्रीकान्त अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर है जिसमें उसने 52% अंक लिए हैं उसने 72% अंकों के साथ B. Sc. पास की है और वह जुलाई, 2003 से स्नातकोत्तर पूर्ण करने के बाद कनिष्ठ प्रबन्धक के रूप में काम कर रहा है उसने चयन परीक्षा 58% अंकों के साथ उत्तीर्ण की है। हाल ही में उसने 26 वर्ष की आयु पूरी की है।

निर्देश (89–94) : *निम्नलिखित जानकारी को ध्यान से पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए—*

एक संस्था में विपणन प्रबन्धक का चयन करने के लिए निम्नलिखित शर्तें हैं—

उम्मीदवार—

(i) कम से कम 60% अंकों के साथ ग्रेजुएट हो।

(ii) विपणन विशेषज्ञता सहित प्रबंधन में पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री/डिप्लोमा धारक हो।

(iii) को चयन साक्षात्कार में 50 प्रतिशत अंक मिले हों।

(iv) को शिक्षा प्राप्ति के बाद किसी संख्या के विपणन विभाग में कम-से-कम तीन साल तक काम करने का अनुभव हो।

(v) यथा 1.7.2007 को कम-से-कम 30 वर्ष और 40 वर्ष से अधिक आयु का न हो।

जो उम्मीदवार उपर्युक्त सभी मानदण्डों को पूरा करता हो, सिवाय—

(a) उपरोक्त (ii) के, लेकिन शिक्षा प्राप्ति के बाद उप-विपणन प्रबन्धक के रूप में कम-से-कम चार वर्ष का अनुभव हो, तो उसका मामला GM–विपणन को भेजा जाएगा।

(b) उपर्युक्त (iv) के, लेकिन विपणन प्रबन्धन में पी.एच.डी की डिग्री हो उसका मामला वाइस प्रेसीडेण्ट-विपणन को भेजा जाएगा।

नीचे प्रत्येक प्रश्न में एक उम्मीदवार की विस्तृत जानकारी दी गई है। आपको उपलब्ध कराई गई सूचना और ऊपर दी गई शर्तों तथा उप-शर्तों के आधार पर निम्नलिखित में से एक कार्यवाही करनी है और उस कार्यवाही की संख्या को अपने उत्तर के रूप में दर्शाना है प्रत्येक प्रश्न में उपलब्ध कराई गई सूचना के अतिरिक्त आपको कोई अनुमान नहीं लगाना है। आपको ये सारे मामले यथा 1.7.2007 है—

उत्तर (1) दीजिए, यदि उम्मीदवार का चयन नहीं किया जाना है।

उत्तर (2) दीजिए, यदि मामला GM–विपणन को भेजा जाना है।

उत्तर (3) दीजिए, यदि मामला वाइस प्रेसीडेन्ट-विपणन को भेजा जाना है।

उत्तर (4) दीजिए, यदि उम्मीदवार का चयन किया जाना है।

उत्तर (5) दीजिए, यदि उपलब्ध कराया गया डाटा निर्णय लेने के लिए पर्याप्त नहीं है। *[PNB SO 2007]*

89. ऋचा शर्मा विपणन में विशेषज्ञता सहित प्रबन्धन में पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री लेने के बाद पिछले छः वर्ष से एक संस्था के विपणन विभाग में उप-विपणन प्रबन्धक के रूप में कार्य कर रही है। उसे चयन साक्षात्कार में 70 प्रतिशत अंक मिले हैं। उसका जन्म 2 नवम्बर, 1973 को हुआ था।

90. अभय झा का जन्म 14 फरवरी, 1974 को हुआ था। उसे ग्रेजुएशन में 60 प्रतिशत अंक और चयन साक्षात्कार में 56% अंक मिले हैं। विपणन विशेषज्ञता के साथ प्रबन्धन के पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा में भी उसे 65% अंक मिले हैं। अपना पोस्ट-ग्रेजुएट डिप्लोमा पूरा करने के बाद पिछले चार वर्ष से वह एक संस्था के विपणन विभाग में काम कर रहा है।

91. मीरा ठाकुर को ग्रेजुएशन में 65% अंक और विपणन विशेषज्ञता के साथ पोस्ट ग्रेजुएट प्रबन्धन डिग्री में 70% अंक मिले हैं, चयन साक्षात्कार में उसे 56% अंक मिले हैं। उसका जन्म 8 जनवरी, 1973 को हुआ था। हाल ही में उसने विपणन प्रबन्धन में पी.एच.डी. की डिग्री प्राप्त की है।

92. सुनील अवस्थी को ग्रेजुएशन में 65% अंक और विपणन में विशेषज्ञता सहित प्रबन्धन की पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री में 70 प्रतिशत अंक मिले हैं। उसका जन्म 25 अप्रैल, 1975 को हुआ था। पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री लेने के बाद वह पिछले पाँच वर्ष से एक संस्था के विपणन विभाग में काम कर रहा है। चयन साक्षात्कार में भी उसे 55 प्रतिशत अंक मिले हैं।

93. मोहन घोष को चयन साक्षात्कार में 62% अंक मिले हैं। उसका जन्म 22 दिसम्बर, 1970 को हुआ था। उसने प्रबन्धन में पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री 2002 में ली है और उसके बाद से वह एक संस्था में उपविपणन प्रबन्धक के रूप में काम कर रहा है। ग्रेजुएशन में उसे 63% अंक मिले हैं।

94. करन रस्तोगी का जन्म 4 जुलाई, 1977 को हुआ था। उसे ग्रेजुएशन में 60% अंक और विपणन विशेषज्ञता सहित प्रबन्धन के पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा में 65% अंक मिले हैं। चयन साक्षात्कार में उसे 60% अंक मिले हैं। पोस्ट ग्रेजुएशन करने के बाद वह पिछले पाँच वर्ष से एक संस्था के विपणन विभाग में काम कर रहा था।

निर्देश (95–104) : *निम्नलिखित जानकारी को ध्यान से अध्ययन कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए—*

एक संगठन में प्रबन्धक-वित्त के चयन की शर्तें नीचे दी गई हैं—

उम्मीदवार—

(i) यथा 1.11.2009 कम-से-कम 30 वर्ष और 35 वर्ष से अनधिक आयु का होना चाहिए।

(ii) किसी भी अनुशासन में कम-से-कम 55% अंक सहित ग्रेजुएट होना चाहिए।

(iii) कम-से-कम 60% अंक सहित, वित्त में विशेषज्ञता के साथ प्रबंधन में पोस्ट-ग्रेजुएट डिग्री/डिप्लोमा धारक होना चाहिए।

(iv) को किसी संगठन के वित्त विभाग में अर्हता प्राप्ति के बाद कम-से-कम छह वर्ष का कार्यानुभव होना चाहिए।

(v) को प्राथमिक साक्षात्कार में कम-से-कम 50% अंक मिले होने चाहिए।

(vi) को अन्तिम साक्षात्कार में कम-से-कम 40 अंक मिले होने चाहिए।

ऐसे उम्मीदवार के मामले में जो उपर्युक्त सभी शर्तें पूरी करते हैं सिवाय—

(a) उपर्युक्त (iv), किन्तु उसे बतौर उप वित्त प्रबन्धक किसी संगठन में अर्हता प्राप्ति के बाद कम-से-कम तीन वर्ष का कार्यानुभव है, तो उसका मामला VP–वित्त के पास भेजा जाना है।

(b) उपर्युक्त (vi), किन्तु उसने प्राथमिक साक्षात्कार में कम-से-कम 60% अंक पाये हैं तो उसकी उम्मीदवारी पर 'प्रतीक्षा सूची' के अन्तर्गत विचार किया जाना है।

नीचे प्रत्येक प्रश्न में, एक उम्मीदवार का ब्योरा दिया गया है। ऊपर दी गयी जानकारी और शर्तों व उपशर्तों के आधार पर आपको निम्नलिखित में एक कार्यवाही करनी है और उस कार्यवाही के क्रमांक को अपने उत्तर के रूप में दर्शाना है, प्रत्येक प्रश्न में दी गयी जानकारी को छोड़ आपको और कुछ मानकर नहीं चलना है। ये सभी मामले आपको यथा 1.11.2009 दियें गयें हैं—

उत्तर (1) दीजिए, यदि उम्मीदवार का चयन किया जाना है।

उत्तर (2) दीजिए, यदि उम्मीदवार का चयन नहीं किया जाना है।

उत्तर (3) दीजिए, यदि उम्मीदवार को प्रतीक्षा सूची में रखा जाना है।

उत्तर (4) दीजिए, यदि मामला VP–वित्त के पास भेजा जाना है।

उत्तर (5) दीजिए, यदि दिया गया डाटा निर्णय लेने के लिए पर्याप्त नहीं है।

*[Corporation bank PO 2009]*

95. नीलम जौहरी को अन्तिम साक्षात्कार में 38% अंक मिले हैं। उसने B. Com. और वित्त प्रबन्धक की पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री दोनों में 65% अंक पाये हैं। अपनी पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री पूरी करने के बाद पिछले छह वर्ष से यह एक संगठन के वित्त विभाग में कार्य कर रही है। उसका जन्म 16 अगस्त, 1978 को हुआ था। उसने प्राथमिक साक्षात्कार में 63% अंक पाये हैं।

96. अनिर्बन चौधरी का जन्म 8 मार्च, 1978 को हुआ था। उसने B.Sc. में 65% और वित्त प्रबन्धन में पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री में 62% अंक पाये हैं। अपना पोस्ट ग्रेजुएशन पूरा करने के बाद पिछले सात वर्ष से वह एक कम्पनी के वित्त विभाग में कार्य करता है। उसने अन्तिम साक्षात्कार में 50% और प्राथमिक साक्षात्कार में 40% अंक पाये हैं।

97. वैभव जोशी ने ग्रेजुएशन और वित्त प्रबन्धन के पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा दोनों में 60% अंक पाये हैं। अपना पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा पूरा करने के बाद पिछले चार वर्ष से वह एक संगठन में उप वित्त प्रबन्धक के रूप में कार्य कर रहा है। उसने प्राथमिक साक्षात्कार में 53% और अन्तिम साक्षात्कार में 43% अंक पाये हैं। उसका जन्म 3 जुलाई, 1977 को हुआ था।

98. सुधा मोटवानी का जन्म 24 मार्च, 1977 को हुआ था। उसने B.A. में 58% और वित्त प्रबन्धन के पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा में 63% अंक पाये हैं। अपना पोस्ट ग्रेजुएशन पूरा करने के बाद पिछले आठ वर्ष से वह एक संगठन के वित्त विभाग में काम करती है। उसने प्राथमिक और अन्तिम साक्षात्कार दोनों में 50% अंक पाये हैं।

99. 65% अंक सहित वित्त में विशेषज्ञता के साथ प्रबन्धन में अपना पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा पूरा करने के बाद पिछले सात वर्ष से अशोक चंद्र एक संगठन के वित्त विभाग में कार्यरत है। उसने प्राथमिक साक्षात्कार में 55% और अन्तिम साक्षात्कार में 45% अंक पाये हैं। उसका जन्म 12 अप्रैल, 1976 को हुआ था।

100. सुपर्णा देसाई ने ग्रेजुएशन में 58% और वित्त प्रबन्धन के पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा में 68% अंक पाये हैं, अपना पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा पूरा करने के बाद वह पिछले चार वर्ष से बतौर उप वित्त प्रबंधक एक संगठन में काम कर रही है। उसने प्राथमिक साक्षात्कार में 50% और अन्तिम साक्षात्कार में 45% अंक पाए हैं। उसका जन्म 26 अगस्त, 1977 को हुआ था।

101. बलवंत सिंह का जन्म 18 नवम्बर, 1979 को हुआ था। उसने B.Com. में 60% और वित्त प्रबंधन की पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री में 55% अंक पाए हैं। अपनी पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री पूरी करने के बाद पिछले पाँच वर्ष से वह एक संगठन में बतौर उप वित्त प्रबंधक कार्य कर रहा है। उसने प्राथमिक साक्षात्कार में 54% और अन्तिम साक्षात्कार में 44% अंक पाये हैं।

102. अभिषेक साहा का जन्म 8 अक्तूबर, 1978 को हुआ था। प्रबन्धन में 68% अंक सहित अपना पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा पूरा करने के बाद पिछले छह वर्ष से एक संगठन के वित्त विभाग में काम करता है। उसने B.Sc. में 63% अंक पाये हैं। उसने प्राथमिक और अन्तिम साक्षात्कार दोनों में 60% अंक पाये हैं।

103. शिखा रस्तोगी का जन्म 11 अप्रैल, 1976 को हुआ था। उसने ग्रेजुएशन में 68% और वित्त प्रबन्धन की पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री में 62%अंक पाये हैं उसने प्राथमिक साक्षात्कार में 65% और अन्तिम साक्षात्कार में 35% अंक पाये हैं। अपनी पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री पूरी करने के बाद वह पिछले सात वर्ष से एक संगठन के वित्त विभाग में काम करती है।

104. नवीन शुक्ल ने ग्रेजुएशन में 60% और वित्त प्रबन्धन के पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा में 64% अंक पाये हैं। अपना पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा पूरा करने के बाद पिछले छह वर्ष से एक कम्पनी के वित्त विभाग में कार्य कर रहा है। उसने प्राथमिक साक्षात्कार में 56% और अन्तिम साक्षात्कार में 45% अंक पाये हैं। उसका जन्म 28 मई, 1976 को हुआ था।

## उत्तर

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. (4) | 2. (4) | 3. (5) | 4. (5) | 5. (5) | 6. (5) |
| 7. (2) | 8. (3) | 9. (1) | 10. (3) | 11. (1) | 12. (1) |
| 13. (3) | 14. (4) | 15. (5) | 16. (2) | 17. (5) | 18. (5) |
| 19. (5) | 20. (2) | 21. (1) | 22. (3) | 23. (4) | 24. (1) |
| 25. (2) | 26. (3) | 27. (5) | 28. (2) | 29. (3) | 30. (1) |
| 31. (4) | 32. (5) | 33. (1) | 34. (2) | 35. (3) | 36. (2) |
| 37. (1) | 38. (4) | 39. (3) | 40. (5) | 41. (2) | 42. (5) |
| 43. (4) | 44. (3) | 45. (3) | 46. (2) | 47. (2) | 48. (1) |
| 49. (5) | 50. (1) | 51. (5) | 52. (1) | 53. (4) | 54. (5) |
| 55. (1) | 56. (2) | 57. (3) | 58. (2) | 59. (1) | 60. (4) |
| 61. (1) | 62. (2) | 63. (2) | 64. (3) | 65. (3) | 66. (5) |
| 67. (1) | 68. (3) | 69. (4) | 70. (5) | 71. (5) | 72. (2) |
| 73. (2) | 74. (4) | 75. (1) | 76. (5) | 77. (1) | 78. (3) |
| 79. (2) | 80. (5) | 81. (1) | 82. (3) | 83. (4) | 84. (3) |
| 85. (1) | 86. (5) | 87. (4) | 88. (2) | 89. (5) | 90. (4) |
| 91. (3) | 92. (4) | 93. (2) | 94. (1) | 95. (3) | 96. (2) |
| 97. (4) | 98. (1) | 99. (5) | 100. (4) | 101. (2) | 102. (1) |
| 103. (3) | 104. (1) | | | | |

## व्याख्यात्मक उत्तर

1. (4) चेतन कोहली शर्त (iii) को पूरा नहीं करते हैं, इसलिए (a) के अनुसार यह मामला G.M. मार्केटिंग के पास भेजा जाना चाहिए।

2. (4) उषा नांदगावकर शर्त (iii) को पूरा नहीं करती है, इसलिए (a) के अनुसार यह मामला G.M. मार्केटिंग के पार भेजा जाना चाहिए।

3. (5) अशोक बर्मन सभी शर्तों को पूरा करते हैं। अतः इनका चयन होना चाहिए।

4. (5) मोहन सलढाना सभी शर्तों को पूरा करते हैं। अतः इनका चयन होना चाहिए।

5. (5) प्रवीण सम्पत सभी शर्तों को पूरा करते हैं। अतः इनका चयन होना चाहिए।

6. (5) सुबोध मल्होत्रा सभी शर्तों को पूरा करते हैं। इनके द्वारा उपलब्ध कराया गया डाटा निर्णय लेने के लिए पर्याप्त है।

7. (2) अरूणा मल्होत्रा मार्केटिंग विशेषता के साथ प्रबंध में पोस्ट ग्रेजुएट नहीं है, अतः शर्त (b) के अनुसार इनका मामला प्रेसीडेन्ट मार्केटिंग के पास भेजना चाहिए।

8. (3) सुधा कटियार की आयु के बारे में कुछ नहीं बताया गया है। अतः इनके द्वारा उपलब्ध कराया गया डाटा निर्णय लेने के लिए पर्याप्त नहीं है।

9. (1) सीमा सचदेव शर्त (i) पूरा नहीं करती है परन्तु यह पिछले पाँच वर्षों से एक संख्या में कार्यरत है। अतः (b) का लाभ भी इनको नहीं मिलेगा। इसलिए इनका चयन नहीं हो पाएगा।

10. (3) नवीन घोष के साक्षात्कार में प्राप्तांकों के विषय में कोई सूचना नहीं दी गई है। अतः इनके द्वारा उपलब्ध कराया गया डाटा निर्णय लेने के लिए पर्याप्त नहीं है।

11. (1) कैलाश मोहन्ती शर्त (iii) को छोड़कर अन्य सभी शर्तों को पूरा कर रहे हैं और उन्हें प्रवेश परीक्षा में 60% अंक मिले हैं। अतः उनको प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

12. (1) सुधीर कुलकर्णी को प्रवेश परीक्षा में 56% अंक मिले हैं जिसके कारण वे शर्त (v) को पूरा नहीं करते हैं। अतः उनको प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

13. (3) नवीन पुरकायस्थ की शर्त (iii) के बारे में कोई स्पष्ट जानकारी उपलब्ध नहीं है। अतः इनके द्वारा उपलब्ध कराया गया डाटा निर्णय लेने के लिए पर्याप्त नहीं है।

14. (4) नेहा कक्कड़ सभी शर्तों को पूरा करती है। अतः उसको प्रवेश दिया जाएगा।

15. (5) अमोल चक्रवर्ती शर्त (ii) के सिवाय सभी शर्तों को पूरा करते हैं लेकिन उनको कक्षा XII की परीक्षा में फिजिक्स, केमिस्ट्री और गणित में 80% अंक प्राप्त हुए हैं। अतः उनका मामला कॉलेज के रजिस्ट्रार को भेजा जाएगा।

16. (2) जीवन मल्होत्रा शर्त (iii) को पूरा नहीं करते हैं, जबकि अन्य सभी शर्तों को पूरा करते हैं और उसे प्रवेश परीक्षा में 75% अंक मिले हैं अतः उनका मामला कॉलेज के प्रिंसिपल के पास भेजा जाएगा।

17. (5) मोहनीश ने स्नातक में 58% अंक प्राप्त किया है जो 60% से कम है। अतः इनका चयन नहीं किया जाएगा।

18. (5) रजत बत्रा की आयु 30 वर्ष से अधिक है तथा इनको इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी में दो वर्ष का कार्य अनुभव नहीं है। अतः इनका चयन नहीं किया जाएगा।

19. (5) अमिता शर्मा शर्त (b) को पूरा नहीं करती है तथा इन्होंने कम्प्यूटर स्किल में 70% से कम अंक प्राप्त किए हैं। अतः इनका चयन नहीं किया जाएगा।

20. (2) देवयानी प्रकाश शर्त (b) पूरी नहीं करती है, परन्तु इनको कम्प्यूटर स्किल में 70% से अधिक अंक प्राप्त हुए हैं। अतः इनका मामला कंपनी के GM प्रशासन के पास भेजा जाएगा।

21. (1) विशाल कुमार सभी शर्तों को पूरा करते हैं अतः इनका चयन किया जाएगा।

22. (3) अमर तंवर की आयु 30 वर्ष से अधिक है परन्तु इनको IT क्षेत्र में 2 वर्ष से अधिक का कार्य अनुभव है। अतः इनका मामला कंपनी के GM कार्मिक विभाग के पास भेजा जाएगा।

23. (4) मोनिका शर्मा के P.G. में प्राप्तांक का कोई उल्लेख नहीं है। अतः इनके द्वारा उपलब्ध कराया गया डाटा निर्णय लेने के लिए पर्याप्त नहीं है।

24. (1) फातिमा शेख सभी शर्तों को पूरा करती है। अतः इनका चयन किया जाएगा।

25. (2) सिजी मैथ्यू शर्त (b) को पूरा नहीं करते हैं तथा इनको कम्प्यूटर स्किल में 70% से अधिक अंक प्राप्त हुए हैं। अतः इनका मामला कम्पनी के GM–प्रशासन के पास भेजा जाएगा।

26. (3) सुकुमार राय सिर्फ (d) शर्त को पूरा नहीं कर रहे हैं और इनको IT क्षेत्र में 2 वर्ष से अधिक का कार्य अनुभव है। अतः इनका मामला कंपनी के GM-कार्मिक के पास भेजा जाएगा।

27. (5) अभिनव चतुर्वेदी सभी शर्तों को पूरा करते हैं अतः इनका चयन किया जाना है।

28. (2) वैभव सिन्हा शर्त (ii) को छोड़कर अन्य सभी शर्तों को पूरा करते हैं। अतः (a) के अनुसार इनका मामला GM लेखा के पास भेजा जाएगा।

29. (3) सीमा भसीन शर्त (iii) को पूरा नहीं करते हैं। अतः (b) के अनुसार इनका मामला निदेशक वित्त के पास भेजा जाएगा।

30. (1) निर्मला सावंत के वाणिज्य स्नातक के अंकों के बारे में कुछ नहीं दर्शाया गया है। अतः इनके द्वारा उपलब्ध कराया गया डाटा निर्णय लेने के लिए पर्याप्त नहीं है।

31. (4) अशोक प्रधान को वाणिज्य में 55% से कम अंक प्राप्त है। अतः ये शर्त (i) को पूरा नहीं करते हैं। अतः इनका चयन नहीं किया जाएगा।

32. (5) प्रवीर मजूमदार सभी शर्तों को पूरा करते हैं अतः इनका चयन किया जाएगा।

33. (1) नेहा देव के चयन परीक्षा में प्राप्तांक के बारे में कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है। अतः इनके द्वारा उपलब्ध कराया गया डाटा निर्णय लेने के लिए पर्याप्त नहीं है।

34. (2) सुधा गोस्वामी के वाणिज्य स्नातकोत्तरीय में प्राप्तांकों के बारे में कुछ नहीं कहा गया है, और इनको स्नातकीकरण करने के बाद 5 वर्ष का अनुभव है। अतः इनका मामला GM–लेखा के पास भेजा जाएगा।

35. (3) फ्रान्सिस डीकोस्टा केवल शर्त (iii) को पूरा नहीं करते हैं। अतः (b) के अनुसार इनका मामला निदेशक वित्त के पास भेजा जाएगा।

36. (2) श्रेयस इंगले सभी शर्तों को पूरा करते हैं अतः इनका चयन किया जाएगा।

37. (1) अर्चित प्रधान के द्वारा उपलब्ध कराया गया डाटा में पाँच वर्ष का अनुभव योग्यता प्राप्ति के बाद है या नहीं स्पष्ट नहीं है। अतः इनके द्वारा उपलब्ध कराया गया डाटा निर्णय लेने के लिए पर्याप्त नहीं है।

38. (4) निशा अवस्थी शर्त (ii) को छोड़कर अन्य सभी शर्तों को पूरा करती है। अतः (a) के अनुसार इनका मामला GM–विपणन के पास भेजा जाएगा।

39. (3) अंकिदा भावे शर्त (ii) को पूरा नहीं करती है तथा यह (a) को भी पूरा नहीं कर रही है। अतः इनका चयन नहीं किया जाएगा।

40. (5) सुबोध सक्सेना शर्त (iv) को छोड़कर अन्य सभी शर्तों को पूरा करते हैं। अतः (b) के अनुसार इनका मामला (GM–विपणन के पास भेजा जाएगा।

41. (2) सचिन शर्त (D) को छोड़कर अन्य सभी शर्तों को पूरा करते हैं। अतः (ii) के अनुसार इनका मामला कंपनी के महाप्रबंधक के पास भेजा जाएगा।

42. (5) अंजलि शर्त (A) को पूरा नहीं करती है। अतः इनका चयन नहीं किया जाएगा।

**43. (4)** मोहनराव के द्वारा उपलब्ध कराया गया डाटा में आयु के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। अतः इनके द्वारा उपलब्ध कराया गया डाटा निर्णय लेने के लिए पर्याप्त नहीं है।

**44. (3)** के शिवकुमार शर्त (A) के अलावे अन्य सभी शर्तों को पूरा करते हैं। उनको पहले सात सत्रों में कुल मिलाकर 65% से अधिक अंक मिले हैं। अतः (i) के अनुसार इनका मामला V.P. के पास भेजा जाएगा।

**45. (3)** राजीव अंघारे शर्त (A) के अलावे सभी शर्तों को पूरा करते हैं उनको पहले सात सत्रों में कुल मिलाकर 65% अंक मिले हैं। अतः (i) के अनुसार इनका मामला V.P. के पास भेजा जाएगा।

**46. (2)** नचिकेता शर्त (D) के अतिरिक्त सभी शर्तों को पूरा करते हैं। अतः (ii) के अनुसार इनका मामला कंपनी के महाप्रबंधक के पास भेजा जाएगा।

**47. (2)** निकिता शर्त (D) के अतिरिक्त सभी शर्तों को पूरा करती है। अतः (ii) के अनुसार इनका मामला कंपनी के महाप्रबंधक के पास भेजा जाएगा।

**48. (1)** विनोद सभी शर्तों को पूरा करते हैं। अतः इनका चयन किया जाएगा।

**49. (5)** अनिकेत शर्त (A) को पूरा नहीं करते हैं। अतः इनका चयन नहीं होगा।

**50. (1)** शशांक जोशी सभी शर्तों को पूरा करते हैं। अतः इनका चयन किया जाएगा।

**51. (5)** शमिका शर्त (iii) को छोड़कर अन्य सभी शर्तों को पूरा करती है। अतः (b) के अनुसार इनका मामला कंपनी के महाप्रबंधक के पास भेजा जाएगा।

**52. (1)** विवेक सभी शर्तों को पूरा करते हैं अतः इनका चयन किया जाएगा।

**53. (4)** अभिजीत शर्त (ii) को छोड़कर अन्य सभी शर्तों को पूरा करते हैं और इन्होंने स्नातकोत्तर परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है। अतः इनका मामला वाइस प्रेसिडेंट के पास भेजा जाएगा।

**54. (5)** सुजय चौधरी शर्त (iii) को छोड़कर अन्य सभी शर्तों को पूरा करते हैं और इन्होंने चयन परीक्षा में 50% से अधिक अंक तथा इन्टरव्यू में 60% से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। अतः इनका मामला कंपनी के महा प्रबंधक के पास भेजा जाएगा।

**55. (1)** अंकिता सभी शर्तों को पूरा करती है। अतः इनका चयन किया जाएगा।

**56. (2)** मनीषा शर्त (ii) को छोड़कर अन्य सभी शर्तों को पूरा करती है और इन्होंने स्नातकोत्तर परीक्षा भी उत्तीर्ण नहीं की है। अतः इनका चयन नहीं किया जाएगा।

**57. (3)** निकिता के द्वारा उपलब्ध कराया गया डाटा में एस.एस.सी के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। अतः इनके द्वारा उपलब्ध कराया गया डाटा निर्णय लेने के लिए पर्याप्त नहीं है।

**58. (2)** ज्योतिका बसु शर्त (i) को पूरा नहीं करती है और इन्होंने स्नातकोत्तर परीक्षा की पढ़ाई भी पूरी नहीं की है। अतः इनका चयन नहीं किया जाएगा।

**59. (3)** नन्दन सांवला सभी शर्तो को पूरा करती है। अतः इनका चयन किया जाएगा।

**60. (4)** राजेश चवान शर्त (ii) को छोड़कर अन्य सभी शर्तों को पूरा करते हैं और इन्होंने M.A. कर लिया है। अतः इनका मामला वाइस प्रेसीडेन्ट के पास भेजा जाएगा।

**61. (1)** सुसन डीसूजा सभी शर्तों को पूरा करते हैं। अतः उनका चयन किया जाएगा।

**62. (2)** अर्चना साहु केवल शर्त (v) को पूरा नहीं करती है। अतः उनका चयन नहीं किया जाएगा।

**63. (2)** अतुल गर्ग द्वारा उपलब्ध कराया गया डाटा में उनकी आयु 1.1.2010 को 29 वर्ष से अधिक है अतः उनका चयन नहीं किया जाएगा।

**64. (4)** मीना गोगाई शर्त (v) को छोड़कर अन्य सभी शर्तों को पूरा करती है तथा उन्हें चयन परीक्षा में 60% से अधिक अंक प्राप्त है। अतः (b) के अनुसार उनका मामला अध्यक्ष के पास भेजा जाएगा।

**65. (3)** सुधाकर बागची शर्त (i) को छोड़कर अन्य सभी शर्तों को पूरा करते हैं और उन्होंने चार्टर्ड एकाउंटेंट के रूप में सफलतापूर्वक योग्यता प्राप्त की है। अतः (a) के अनुसार उनका मामला ED को भेजा जाएगा।

**66. (5)** अशोक प्रधान द्वारा दो वर्ष के बॉण्ड पर हस्ताक्षर करने के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। अतः इनके द्वारा उपलब्ध कराया गया डाटा निर्णय लेने के लिए पर्याप्त नहीं है।

**67. (1)** अन्तरा घोष सभी शर्तों को पूरा करती है। अतः उनका चयन किया जाएगा।

**68. (3)** नवीन मल्होत्रा शर्त (v) को छोड़कर अन्य सभी शर्तों को पूरा करते हैं और उनके पास कॉस्ट एकाउंटेंड की योग्यता है। अतः (a) के अनुसार उनका मामला CD के पास भेजा जाएगा।

**69. (4)** अभिनव शुक्ला शर्त (v) को छोड़कर अन्य सभी शर्तों को पूरा करते हैं और उन्होंने चयन साक्षात्कार में 65% अंक प्राप्त किए हैं। अतः (b) के अनुसार उनका मामला अध्यक्ष को भेजा जाएगा।

**70. (5)** सुरेश दास द्वारा उपलब्ध कराया गया डाटा में कक्षा XII के अंकों के बारे में कोई जानकारी नहीं है। अतः इनके द्वारा उपलब्ध कराया गया डाटा निर्णय लेने के लिए पर्याप्त नहीं है।

**71. (5)** विजय को चयन परीक्षा में 48% अंक प्राप्त हुए हैं। अतः ये शर्त (iii) को पूरा नहीं कर रहे हैं जिसके कारण इनका चयन नहीं किया जाएगा।

**72. (2)** अविनाश की आयु 28 वर्ष से अधिक है जिसके कारण ये शर्त (i) को पूरा नहीं करते हैं और (b) के अनुसार इनका मामला वाइस प्रेसीडेन्ट के पास भेजा जाएगा।

**73. (2)** सुनील मकवाना की आयु 28 वर्ष से अधिक है जिसके कारण ये शर्त (i) को पूरा नहीं करते हैं और (b) के अनुसार इनका मामला वाइस प्रेसीडेन्ट के पास भेजा जाएगा।

**74. (4)** निशा सभी शर्तों को पूरा करती है। अतः इनका चयन किया जाएगा।

**75. (1)** राजन वाले शर्त (ii) को छोड़कर अन्य सभी शर्तों को पूरा करते हैं और पोस्ट ग्रेजुएट है अतः (a) के अनुसार इनका मामला कार्यपालक निदेशक के पास भेजा जाएगा।

**76. (5)** शमिका शर्त (ii) को पूरा नहीं करती है। अतः इनका चयन नहीं किया जाएगा।

**77. (1)** भावेश शाह शर्त (ii) को छोड़कर अन्य सभी शर्तों को पूरा करते हैं और पोस्ट ग्रेजुएट है। अतः (a) के अनुसार इनका मामला कार्यपालक निदेशक के पास भेजा जाएगा।

**78. (3)** वंदना के द्वारा उपलब्ध कराया गया डाटा में चयन परीक्षा के प्राप्तांक के बारे में नहीं बताया गया है। अतः इनके द्वारा उपलब्ध कराया गया डाटा निर्णय लेने के लिए पर्याप्त नहीं है।

79. (2) प्रकाश गोखले शर्त (i) को छोड़कर अन्य सभी शर्तों को पूरा करती है। अतः (a) के अनुसार इनका मामला महाप्रबन्धक अग्रिम को भेजा जाएगा।

80. (5) अमित नारायण सभी शर्तों को पूरा करते हैं अतः इनका चयन किया जाएगा।

81. (1) शोभा गुप्ता शर्त (ii) को छोड़कर अन्य सभी शर्तों को पूरा कर रही है और वह चार वर्ष से एक बैंक में प्रबन्धक ऋण के रूप में कार्य कर रही है। अतः (b) के अनुसार इनका मामला कार्यपालक निदेशक को भेजा जाएगा।

82. (3) रोहन मसकरे के द्वारा उपलब्ध कराया गया डाटा में बैंक के अनुभाग के बारे में कुछ नहीं बताया गया है। अतः इनके द्वारा उपलब्ध कराया गया डाटा निर्णय लेने के लिए अपर्याप्त है।

83. (4) सुधा मेहरोत्रा शर्त (v) को पूरा नहीं कर रही है। अतः इनका चयन नहीं किया जाएगा।

84. (3) विकास मेहरोत्रा ने जुलाई, 2005 से 1.4.2006 तक 1 वर्ष का कार्य अनुभव अधिकारी के रूप में पूर्ण नहीं किया है परन्तु अथ शास्त्र में Ph.D होने के कारण (a) के अनुसार इनका मामला वाइस प्रेसीडेन्ट के पास भेजा जाएगा।

85. (1) श्यामलाल दिए गए सभी शर्तो को पूरा करते हैं अतः इनका चयन किया जाएगा।

86. (5) रंजना शर्त (i) को पूरा नहीं करती हैं। अतः इनका चयन नहीं किया जाएगा।

87. (4) निकिता द्वारा उपलब्ध कराया गया डाटा में चयन परीक्षा के प्राप्तांक के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। अतः इनके द्वारा उपलब्ध कराया गया डाटा निर्णय लेने के लिए पर्याप्त नहीं है।

88. (2) श्रीकान्त शर्त (i) को छोड़कर अन्य सभी शर्तो को पूरा करते हैं और उन्होंने स्नातकोत्तर परीक्षा में 50% से अधिक अंक प्राप्त किए हैं तथा इनको अधिकारी के रूप में 2 वर्ष का कार्य अनुभव है। अतः (b) के अनुसार इनका मामला बोर्ड के डाइरेक्टर्स के पास भेजा जाएगा।

89. (5) ऋचा शर्मा के द्वारा उपलब्ध कराया गया डाटा में ग्रेजुएट के प्राप्तांकों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। अतः इनके द्वारा उपलब्ध कराया गया डाटा निर्णय लेने के लिए पर्याप्त नहीं है।

90. (4) अभय झा दिए गए सभी शर्तो को पूरा करते हैं अतः इनका चयन किया जाएगा।

91. (3) मीरा ठाकुर शर्त (iv) को छोड़कर अन्य सभी शर्तों को पूरा करती है और उन्होंने Ph.D. की डिग्री भी प्राप्त की है। अतः (b) के अनुसार उनका मामला वाइस प्रेसीडेण्ट– विपणन के पास भेजा जाएगा।

92. (4) सुनील अवस्थी दिए गए सभी शर्तों को पूरा करते हैं। अतः इनका चयन किया जाएगा।

93. (2) मोहन घोष शर्त (ii) को छोड़कर अन्य सभी शर्तों को पूरा करते हैं। अतः (a) के अनुसार इनका मामला GM–विपणन के पास भेजा जाएगा।

94. (1) करण रस्तोगी की आयु 30 वर्ष से कम है जिसके कारण ये शर्त (v) को पूरा नहीं करते हैं। अतः इनका चयन नहीं किया जाएगा।

95. (3) नीलम जोहरी शर्त (vi) को छोड़कर अन्य सभी शर्तों को पूरा करती है और उन्हें प्राथमिक साक्षात्कार में 60% से अधिक अंक प्राप्त हुए हैं। अतः (b) के अनुसार उन्हें प्रतीक्षा सूची में रखा जाएगा।

96. (2) अनिर्बन चौधरी शर्त (v) को पूरा नहीं करते हैं। अतः इनका चयन नहीं किया जाएगा।

97. (4) वैभव जोशी शर्त (iv) को छोड़कर अन्य सभी शर्तो को पूरा करते हैं और वह चार वर्षों से उप वित्त-प्रबन्धक के रूप में कार्यरत है। अतः (a) के अनुसार VP– वित्त के पास इनका मामला भेजा जाएगा।

98. (1) सुधा मोटवानी सभी शर्तों को पूरा करती है। अतः इनका चयन किया जाएगा।

99. (5) अशोकचन्द्र के द्वारा उपलब्ध कराया गया डाटा में ग्रेजुएट में प्राप्तांक के बारे में कोई उल्लेख नहीं है। अतः इनके द्वारा उपलब्ध कराया गया डाटा निर्णय लेने के लिए पर्याप्त नहीं है।

100. (4) सुर्पणा देसाई शर्त (iv) को छोड़कर अन्य सभी शर्तों को पूरा करती है और वह चार वर्षो से उप वित्त-प्रबन्धक के रूप में कार्यरत है। अतः (a) के अनुसार VP–वित्त के पास इनका मामला भेजा जाएगा।

101. (2) बलवन्त सिंह शर्त (i) और (iii) को पूरा नहीं करते हैं। अतः इनका चयन नहीं किया जाएगा।

102. (1) अभिषेक साहा सभी शर्तों को पूरा करते हैं। अतः इनका चयन किया जाएगा।

103. (3) शिखा रस्तोगी शर्त (vi) को छोड़कर अन्य सभी शर्तों को पूरा करती है और इनको प्राथमिक साक्षात्कार में 60% से अधिक अंक मिले हैं। अतः (b) के अनुसार इनको प्रतीक्षा सूची में रखा जाएगा।

104. (1) नवीन शुक्ल सभी शर्तों को पूरा करते हैं। अतः इनका चयन किया जाएगा।

★★★